निष्कर्षत: मराठा (भोंसला) प्रशासन एवं व्यवस्था का अध्ययन करने पर ज्ञात है कि वह मध्यकालीन ढाँचे पर आश्रित थीं। इस काल में भू–राजस्व की कोई उचित व्यवस्था नही थीं। वस्तुत: वह पटेल अथवा गाँव के मुखिया पर निर्भर थी। जागीरदारी प्रथा यथावत् बनी रही। प्रशासन में गतिशीलता लाने के लिये भोंसलों ने अनेक पदों का सृजन किया। किन्तु प्रशासन में नवीनता का अभाव बना रहा। सूबेदार तथा कमाविसदार राज्य के सर्वोच्च पदाधिकारी थे। जिन्हें असीमित अधिकार प्रदान किये गये थे। उनके मनमाने शासन से राज्य की जनता अत्यधिक पीड़ित थीं। संचार के क्षेत्र में भी कोई उल्लेखनीय बदलाव परिलक्षित नहीं होते। सभी सड़क मार्ग पुराने ही थे। कुछ नवीन मार्ग अवष्य ही बनाये गये थे जो सामरिक तथा राजनैतिक दृष्टि से उपयोगी माने जा सकते हैं। जनसमान्य हेतु यातायात मुख्यत: प्राचीन मार्गों से ही संचालित होता रहा। संसाधनों के अभावों में नागरिक सुरक्षा भी नाममात्र की थी। गाँव में पुलिस के अभाव में नागरिकों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी पड़ती थी। मराठा न्याय व्यवस्था भेदभावपूर्ण थी जो जाति और वर्ण पर आधारित थी। पुरातन पंचायत व्यवस्था को बनाये रखना भोंसला प्रशासन का वास्तव में एक सराहनीय कार्य था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. रघोजी भोंसले– जन्म सन् 1668। जन्म स्थान–सतारा जिले का पांडववाड़ी ग्राम, विशेष मल्हार राव कृत 'राजाराम चरित्र' पृ. 37–

38, सतारा के राजा द्वारा मराठा सरदारों को सनद के रूप में दिये जाने वाले भू-भाग पर राज्य करने को ही मुलकगिरी कहा जाता था।
2. सरदेसाई, सखाराम; मराठों का नवीन इतिहास तृतीय खण्ड, पृ. 510
3. जेनकिन्स रिपोर्ट, खण्ड 1, पृ. 95
4. गद्रे, डॉ. प्रभाकर; मराठा आधिपत्य में गढ़ा मण्डला 2007, पृ. 147
5. जेनकिन्स रिपोर्ट, वही
6. वही
7. वर्मा, भगवान सिंह; छत्तीसगढ़ का इतिहास प्रारम्भ सन् 2008, पृ. 65
8. गद्रे, डॉ. प्रभाकर; वही, पृ. 150
9. वही, पृ. 157
10. हेविट सेटलमेन्ट रिपोर्ट, पृ. 57
11. वही
12. सेन, सुरेन्द्रनाथ; एडमिनिस्ट्रेशन सिस्टम ऑफ दि मराठाज, पृ. 252
13. एगन्यू रिपोर्ट, पृ. 11
14. गद्रे, डॉ. प्रभाकर; मराठा आधिपत्य में गढ़ा मण्डला 2007, पृ. 150
15. वही
16. माहेश्वरी, आर.जी.; शुक्ल अभिनंदन ग्रंथ 1955, विविध खण्ड ,पृ. 84

****

महात्मा गाँधी की हरिजन यात्रा और उसका प्रभाव (बैतूल जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. संतोष उसरेठे *

शोध सारांश – गाँधीजी ने राष्ट्रीय आंदोलन को अपूर्व दृढ़ता के साथ संचालित किया अपितु देश के सर्वतोंमुखी सुधार और उद्धार के लिये रचनात्मक कार्यक्रम भी चलाये जो देश की सामाजिक स्वतंत्रता के लिये आवश्यक थे। गाँधीजी ने सामाजिक विषमता के शिकार अछूतों को केवल समानता का अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष ही नहीं आरंभ किया बल्कि युग-युग से निराश, दीन, दलित, असहाय अछूतों के बीच रहकर और उनके लिये निरंतर कार्य करते हुये देश की चिरदलित, शोषित और तिरस्कृत हरिजनों में नये जीवन का संचार भी किया। उन्होंने हरिजनोउद्धार के लिये झोली फैला कर चंदा इकट्ठा किया, उनके बीच रहे और उनके जैसे काम किये।

शब्द कुंजी – हरिजनोद्धार ।

प्रस्तावना – सविनय अवज्ञा आंदोलन की षिथिलता से 1932 तथा 1933 में कांग्रेसियों का ध्यान अब शासन विरोधी आंदोलन से हटकर पिछडे वर्गो के उत्थान की ओर आर्कषित हो रहा था। यह एक नया आंदोलन था जिसका स्वरूप विध्वंसात्मक न होकर रचनात्मक था तथा इसके माध्यम से कांग्रेस को यह दावा करने का भी अवसर मिल सकता था कि वह समाज के किसी वर्ग विशेष का नही अपितु, सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व करती है। राष्ट्रीय स्तर पर हरिजन उद्धार के इस नये कार्यक्रम के जनक महात्मा गाँधी थे, जिन्होंने इसे लागू किया। ब्रिटिश सरकार द्वारा घोषित कम्यूनल अवार्ड के फलस्वरूप हिन्दू समाज के एक बहुत बडे वर्ग पिछडे वर्ग के पृथक हो जाने की प्रबल संभावनाएँ उत्पन्न हो गई थीं। अत: गाँधीजी के लिये जो कि भारत की एकता के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ थे। इस दिशा में रचनात्मक कदम उठाना आवश्यक हो गया था।

महात्मा गांधी ने 07 नवम्बर 1933 को वर्धा, जहाँ साबरमती छोड़ने के बाद उन्होंने सेवाग्राम की स्थापना की थी, से ऐतिहासिक हरिजन दौरा प्रारंभ हुआ। यह दौरा मध्यप्रदेश के लिये विशेष महत्व रखता है। क्योंकि इसके अंतर्गत वे राज्य के सुदूर छोटे-मोटे गाँवों में गये और राज्य की जनता तक हरिजनोंद्धार का मूल्यवान सारगर्भित संदेश प्रसारित किया। उस समय राज्य की जनता ने उनका भव्य तथा हार्दिक स्वागत किया। इससे गाँधीजी बहुत प्रभावित हुये और सागर के निकट अनंतपुरा ग्राम के संबंध में तो उन्होंने '**हरिजन**' में एक लंबा लेख ही लिख डाला। मध्यप्रदेश के अनंतपुरा ग्राम को यह सौभाग्य प्राप्त है कि बापू ने वहाँ साधारण झोपड़ी में रात्रि व्यतीत की और झोपड़ी दर झोपड़ी जाकर ग्रामवासियों से उनके जीवन यापन व सुखदुख की जानकारी ली।

इस दौरे की दो और विशेष बात रहीं जिनकी जानकारी आगे के विवरण को समझाने में सहायक हो सकती है। एक तो यह कि इस दौरे में गाँधीजी हरिजनों के लिये जो कोष एकत्रित कर रहे थे। उसमें सारे देश के समान राज्य की जनता ने भी मुक्त-हस्त से दान दिया। गाँधीजी के हाथ पसारने भर की देर थी कि जिसके पास जो कुछ था वह लेकर उनके हाथ पर रखने के लिये दौड़ पड़ा। स्त्रियों ने अपने सबसे प्रिय आभूषण उतार कर उनके हाथ में रख दिये। निर्धनों के पास जो कुछ था वहीं उन्होंने गाँधीजी को दे दिया और अनेक अवसर पर उन्होंने इन चीजों को नीलाम कर धन एकत्रित किया। दूसरी बात यह थी कि छुआछूत के विरूद्ध गाँधीजी ने जो आंदोलन छेड़ा था। उसका सनातनी लोग विरोध कर रहे थे और उन्होंने कुछ लोगों को गाँधीजी के पीछे लगा रखा था। गाँधीजी ने इन्हें हर तरह से समझाने बुझाने का प्रयास किया। एकाध स्थान पर उन्हें अपने साथ मंच पर बोलने का अवसर भी दिया किन्तु शीध्र ही यह स्पष्ट हो गया कि जनमत सनातनी लोगों के साथ नहीं है। आखिर कुछ स्थानों के बाद ये लोग स्वयं ही निराश होकर लौट गये। [2]

नवम्बर 1933, को गाँधीजी ने वर्धा के सेवाग्राम आश्रम दस महीने की अपनी ऐतिहासिक हरिजन यात्रा का प्रारंभ किया। [3] गाँधीजी का यह दौरा मध्यप्रदेश के लिये भी अपना अनूठा महत्व रखता है क्योंकि इस यात्रा के दौरान वे प्रदेश के विभिन्न अंचलों तथा विभिन्न प्रमुख नगरों में गये और क्षेत्र की आम जनता तक उन्होंने अपना हरिजनोद्धार का संदेश पहुँचाया और इस कार्य में अपना यथा संभव योगदान देने की अपील की। [4]

बैतूल आगमन – छिन्दवाड़ा से चलकर गाँधीजी 29 नवम्बर 1933 को बैतूल पहुँचे। [53] रास्ते में खैरपानी और मुलताई में भी कुछ समय के लिये रूके। मुलताई में श्री शंकर धर्माधिकारी के सभापतित्व में गौशाला में एक सभा हुई। जिसमें लगभग दस हजार जनता उपस्थित थी। स्वागताध्यक्ष श्री केदारनाथ ने उन्हें मुलताई तहसील की ओर से 202 रूपये की थैंली भेंट की। तहसीलवासियों ने गाँधीजी को मानपत्र भी दिया जो रजतपत्र में रखा गया था। [54] इस सभा का नियंत्रण श्री बिहारीलाल पटेल की धर्मपत्नि ने बहुत चतुराई से किया जिससे गाँधीजी को प्रसन्नता हुई।

तदुपरान्त लगभग साढे आठ बजे रात्रि को गाँधीजी बैतूल पहुँचे, जहाँ कड़कड़ाती सर्दी की परवाह न करते हुये भी हजारों नर-नारी उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। रात्रि विश्राम के पश्चात् 30 नवम्बर को प्रात:काल गाँधीजी खेड़ी और बारासिंगा आश्रम पहुँचे जहाँ प्रसिद्ध अंग्रेज महिला मिस. मेरी गाँधीजी के परामर्श पर एक गोंड़ बालिका के साथ एक झोपड़ी में रहती थी। इस यात्रा में गाँधीजी के साथ श्री दीपचन्द गोठी तथा ब्यौहार राजेन्द्र सिंह भी थे। [55]

सतपुड़ा के नैसैर्गिक सौंदर्य की गोद में – खेड़ी गाँव पहुँच कर गाँधीजी

*अतिथि विद्वान (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, अमरवाड़ा, जिला- छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

मिस.मैरी से मिले। गाँव में सभा भी हुई। यहाँ के महंत श्री रंगराव जी ने बताया कि यहाँ के सभी मंदिर हरिजनों के लिये खुले हैं जिससे बापू को बड़ी प्रसन्नता हुई। मिस मैरी बार को साथ लेकर गाँधीजी कुछ दूरी पर स्थित श्री डंकन के आश्रम की ओर रवाना हुये। श्री डंकन मद्रास के थियोसाफिकल कॉलेज के प्रिसिंपल थे और वे एक वर्ष तक सतपुड़ा के जंगलों में रहे थे। रास्ते में मिस.मैरी से गोंडों के जीवन के संबंध में गाँधीजी ने अनेक बातें कीं। श्री डंकन के आश्रम में पहुँचे कर गाँधीजी एक टीले पर उस मंदिर को देखने पहुँचे जो हरिजनों के लिये खोल दिया गया था। उन्हें एक कुर्सी पर बैठाकर ऊपर ले जाया गया था। सामने ही कल-कल करती ताप्ती नदी बह रही थी और सतपुड़ा की सघन वनराषि अपना संपूर्ण वैभव पसारे खड़ी थी। बापू इस दृष्य को देखकर अभिभूत हो गये और कुछ समय के लिये ध्यानावस्थित हो गये। इसके बाद गहरी सांस लेकर बोले - **'मुझे समय मिलता तो कुछ दिन तक ऐसे स्थान पर अवश्य रहता लेकिन मेरे भाग्य में यह सब नहीं है।'** इसके बाद श्री डंकन से उन्होंने प्रस्तावित आश्रम की रूपरेखा पर विचार विनिमय किया और उन्हें साथ लेकर लगभग 9 बजे बैतूल लौट आये।[56] इस यात्रा में गाँधीजी ने हरिजन मोहल्लों का निरीक्षण भी किया। जहाँ भी वे जाते हरिजनों से बात करते और उन्हें गीता की प्रतियाँ बाँटते।[57] उन्होंने सेठ लक्ष्मीचंद जी का बगीचा भी देखा। तत्पश्चात् सार्वजनिक सभा में भाषण देने के लिये गाँधीजी चौक पहुँचे जहाँ एक सुंदर मण्डप बनाया गया था। गाँधीजी का भाषण सुनने के लिये पन्द्रह से बीस हजार की संख्या में नर-नारी उपस्थित थे। गाँधी चौक पहुँचने के सारे रास्ते लगभग बंद हो गये थे। आसपास के मकानों की छत भी खचाखच भरी थी और सबकी आंखे युग-पुरूष के दर्शनलाभ को आकुल थी। ठीक एक बजे महात्माजी साथियों समेत मोटर से उतरे और मंच पर विद्युत की तरह चमक उठे। सभा की अध्यक्षता श्री दीपचन्द गोठी ने की।[58] श्री.के.एम.धर्माधिकारी जी ने जिले की ओर से महात्माजी को 401 रू. की थैली भेंट की।[59] इसके बाद नगरपालिका अध्यक्ष श्री रामदयाल खण्डेलवाल ने मानपत्र पढ़ा।

'मेरी चीज मुझे' - मानपत्र पढ़ते समय वे इतने भाव-विभोर हो उठे कि पढ़ने के बाद उसे गाँधीजी को समर्पित करने का ध्यान ही न रहा। गाँधीजी को इस पर बड़ी हँसी आई और उन्होंने कहा - 'भाई मेरी चीज मुझे दो, कहाँ लिये जाते हो'। अध्यक्ष महोदय ने शरमाते हुये मानपत्र उन्हें समर्पित कर दिया।[60] इसके बाद जिला काउन्सिल के अध्यक्ष श्री बाबूलाल ने भी मानपत्र समर्पित किया। तब गाँधीजी का व्याख्यान आरंभ हुआ जिसे श्री रामनाथ सुमन ने अपनी बुलंद आवाज में दुहराया।

गाँधीजी ने कहना शुरू किया -'**मेरे पास अभी एक पर्चा आया है वह यह है। इसमें शिवप्रसाद जी ने लिखा है कि ब्राम्हाण के मुख से, क्षत्रिय बाहु से, वैश्य उदर से और शूद पैरों से उत्पन्न है। इसलिये ये सभी एक नही कहे जा सकते। फिर भी मैं यहाँ कह देना चाहता हूँ कि पैरों को काट डालने से जैसे शरीर के प्रत्येक अंग को हानि होगी। आज वही हानि हिन्दू समाज को अस्पृष्य जातियों को दूर करने से होंगी। इसलिये अब अस्पृष्यता का अंत कर देना चाहिये।**'

इसके बाद गाँधीजी ने कहा कि मेरे पास अब सिर्फ अठ्ारह मिनट शेष रहे हैं और इसी बीच मुझे अपना सौदा करना है। आशा है आप लोग ठीक-ठीक बोली लगायेंगे। ढ़ाई बज चुका था इसलिये शीघ्रता से सब काम निपटाया गया। **'महात्मा गाँधीजी की जय'** के नारों से वातावरण गूँज उठा। बापू को स्टेशन तक विदा करने के लिये हजारों नागरिक आये थे। गंज पर गुजराती मण्डल की ओर से श्री प्रेमशंकर भाई ने थैली भेंट की।[61]

निष्कर्षत: गाँधीजी ने मध्यप्रदेश के लगभग सभी जिलों का दौरा किया, जिसमें हरिजनों के लिये धनराशि एकत्रित करना एवं अस्पृष्यता निवारण उनका मुख्य उद्देश्य था। 1933 में एक सभा हुई जिसमें 30 हजार स्पृष्य-अस्पृष्य स्त्री-पुरूष सम्मिलित हुये। मंदिर में प्रवेश, सनातनियों को करारा जवाब देना और अस्पृष्यों का सर्वांगीण विकास के लिये समाज को तैयार करना सभाओं का उद्देश्य था।

अस्पृष्यता निवारण हेतु अशासकीय एवं शासकीय घोषाणायें अस्पृष्य आंदोलन का मुख्य उद्देश्य अस्पृष्यता को समाप्त करना मात्र नहीं था बल्कि इस वर्ग के लोगों में शिक्षा, जागृति, अधिकार एवं समाज में सम्मानीय स्थान प्रदान करना था। अत: उनके आंदोलनों का मुख्य उद्देश्य अस्पृष्यों की स्थिति में परिवर्तन करना आवश्यक था। मंदिर में प्रवेश निषेध, स्कूलों में बरामदों में पृथक रूप से बैठना तथा सार्वजनिक कुओं, तालाबों से पानी भरने की मनाही जैसी कलंकित परम्पराओं को समाप्त करना था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सक्सेना, सुधीर; ऐसे आये गाँधीजी, पृ.क्र. 53
2. मध्यप्रदेश और गाँधीजी, गाँधी शताब्दी समारोह समिति के लिये सूचना प्रसारण संचालनालय द्वारा प्रकाशित 1969, पृ.क्र. 26-28
3. मिश्र, डी.पी.; मध्यप्रदेश में स्वाधीनता आंदोलन का इतिहास, पृ.क्र. 407
4. फोर्टनाइटली रिपोर्ट इन सी.पी. एण्ड बरार, फाइल क्रमांक 3/23/1933, पृ.क्र. 22
5. अग्रवाल, लोकेश; गाँधीजी का मध्यप्रदेश का हरिजन दौरा लेख, म.प्र. संदेश, वर्ष 9 अंक 6/10 अक्टूबर 1933
6. श्रीवास्तव, पी.एन.; मध्यप्रदेश जिला गजेटियर, बैतूल डिस्ट्रिक्ट 1971, पृ.क्र. 68
7. मध्यप्रदेश और गाँधीजी, वही, पृ.क्र. 34
8. सक्सेना, सुधीर;ऐसे आये गाँधीजी, पृ.क्र. 69
9. श्रीवास्तव, पी.एन.; वही,
10. मध्यप्रदेश और गाँधीजी, वही, पृ.क्र. 34
11. ब्यौहार,राजेन्द्र सिंह; मध्यप्रदेश में बापू का प्रवास, म.प्र. संदेश 4 अक्टूबर1969, पृ.क्र.6
12. मध्यप्रदेश संदेश, वर्ष 102 अंक, 10 अक्टूबर 2006, पृ.क्र. 55

****

राष्ट्रीय समविकास योजना का मध्यप्रदेश के पिछड़े क्षेत्रो पर प्रभाव का अध्ययन

डॉ. अजय वाघे *

प्रस्तावना – स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु केन्द्र सरकार द्वारा योजना आयोग का गठन किया गया था, ताकि देश के सभी पिछड़े हुए राज्यों में विकास योजनाएँ क्रियान्वित कर इन क्षेत्रो का आर्थिक भौगोलिक विकास किया जा सके। इसके द्वारा सरकार द्वारा राष्ट्र में कई योजनाए जैसे स्वर्ण जयंती शहरी स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, स्वास्थ बीमा योजना इत्यादि आदी लागू कर कई भागों का विकास करने का प्रयास किया गया।

सरकार के विभिन्न प्रयासों के बावजूद भी देश मे कई राज्यों में पिछड़ेपन की समस्याओं का सम्पूर्ण निदान संभव नही हो पाया है। इस समस्या के लिये सरकार के साथ-साथ देश की सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक परिस्थितियॉ भी उत्तरदायी है। अत: इसी बिन्दू को ध्यान में रखकर देश के पिछड़े हुए राज्यों में सर्वांगिण विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों में इन राज्यों 'राष्ट्रीय समविकास योजना' वर्ष 2004 से लागू कर इन क्षेत्रों का विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना हेतु देश मे लगभग 48 राज्यो का चयन किया गया।

मध्यप्रदेश में यह योजना 10 जिलों में क्रमश: खरगोन, बड़वानी, सीधी, सीवनी, मण्डला, बालाघाट, उमरीया, सतना, डिण्डोरी और शहडोल इत्यादि जिलों में लागू किया गया है। 'राष्ट्रीय समविकास योजना' केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से मध्यप्रदेश के पिछड़े हुए जिलों के विकास हेतु लागू की गई है। इस योजना के सफल संचालन हेतु सरकार द्वारा पिछड़े जिलों की संबन्धित जिला पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। सामान्यत: यह देखा गया है कि सरकार द्वारा बड़े लक्ष्यों एवं ऊँचे आदर्शो को प्राप्त करने के लिए योजना का क्रियान्वयन किया जाता है, परन्तु समय-समय पर परीक्षण, अवलोकन तथा मूल्यांकन के अभाव में योजना की सार्थकता का सही ज्ञान नहीं हो पाता हैं। अत: समय-समय पर योजना का निष्पक्ष मूलयांकन एवं विश्लेषण अपेक्षित है। प्रस्तुत शोध से योजना के क्रियान्वयन की प्रगति, जिला पंचायतों के योगदान की स्थिति व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में योजना की सार्थकता स्पष्ट होगी तथा इनके क्रियान्वयन में आने वाली कठनाईयों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। योजना के क्रियान्वयन में आने वाली कठनाईयों को दूर करने के लिए शोध अध्ययन में आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत किए गये जो की योजना के निर्माता, अर्थशास्त्री, प्रशासकीय अधिकारियों, समाजसेवी संस्थाओं तथा नीति-निर्माताओं आदि को भविष्य में विकास योजनाओं के निर्माण में मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। इससे समाज के विभिन्न वर्गो को योजना की प्रगती का ज्ञान हो सकेगा तथा साथ ही इससे नये शोधार्थी भी लाभान्वित होगे। इस प्रकार प्रस्तुत शोध सभी क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध होगा।

शोध अध्ययन का चयन – यद्यपि यह सर्वविदित है कि भारत एक विकासशील, कृषि प्रधान और गाँवो का देश है। इस देश की लगभग 75 प्रतिशत जनता आज भी गॉव में निवास करती है। इस प्रकार मध्यप्रदेश राज्य भी कृषिप्रधान राज्य है जिसके कई जिले आधारभूत सुविधाओं की दृष्टि से अत्यधिक पिछड़े हुए है। इन पिछड़े जिलों के विकास तथा गरिबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे ग्रामीणों के जीवन स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से प्रदेश के इन जिलों में 'राष्ट्रीय समविकास योजना' संचालित की गई है। वास्तव में योजना निर्धारित उद्देश्यों को पूरी करने में सफल रही है तथा असफल, दिशा निर्देशों के अनुरूप योजना का क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं इसके लिये जिला पंचायतो के द्वारा इस योजना के अंतर्गत सौंपे गये दायित्वों का एक सीमा तक निर्वहन किया गया। 'राष्ट्रीय समविकास योजना' विकास की दृष्टि से पिछड़े जिलों का विकास करने मे सफल रही है, यह शोध का विषय है। शोधार्थी की यह जिज्ञासा रही है कि मध्यप्रदेश में योजना हेतु चयनित 10 पिछड़े हुए जिलों में जिला पंचायत में योजना के क्रियान्वयन में जो योगदान दिया है। इसके लिये शोधार्थी की यह जिज्ञासा रही है कि मध्यप्रदेश में योजना हेतु चयनित 10 पिछड़े हुए जिलों में जिला पंचायतो ने योजना के क्रियान्वयन में जो महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसके लिये शोधार्थी द्वारा शोध अध्ययन के रूप में 'मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय समविकास योजना का लागत लाभ विश्लेषण वर्ष 2004-10' विषय का शोध अध्ययन हेतु चयन किया गया। जिसके लिये शोधार्थी द्वारा शासन की विभिन्न योजना को अनुपातिक विभाजन के रूप में अध्ययन को केन्द्रित किया गया है।

शोध अध्ययन का उद्देश्य – शोध अध्ययन के लिये कुछ निर्दिष्ट उद्देश्य अवश्य होता है। उद्देश्य के बगैर अध्ययन की पूर्णता आधुरी होती है। इस प्रकार प्रस्तुत शोध अध्ययन का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश राज्य में संचालित 'राष्ट्रीय समविकास योजना' का लागत-लाभ विश्लेषण करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये कुछ सहायक उद्देश्य भी निर्धारित किये गये है जो निम्नानुसार है –

1. गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारो की आर्थिक स्थिति का पता लगाना।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) विद्योदय महाविद्यालय, मनावर (म.प्र.) भारत

2. योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रो के परिवारों को मिला हैं इसका अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पना – प्रस्तुत शोध समस्या के संबंध में शोधार्थी की अपनी पूर्व परिकल्पनाए रहीं है जिनका सत्यापन शोध अध्ययन के आधार से करने का प्रयास किया गया। परिकल्पना के अभाव में न तो कोई प्रयोग हो सकता है और न ही कोई वैज्ञानिक विधि से कोई अनुसंधान संभव है। वास्तव में परिकल्पना के अभाव में अनुसंधान कार्य एक उद्देश्यहीन क्रिया हैं क्योंकि परिकल्पना ही शोधार्थी का मार्गदर्शन करती है, कि जिन तथ्यों तथा सूचना को अध्ययन में शामिल किया गया है उसकी सार्थकता का पता लगाया जाता है अत: दृष्टिगत रखते हुए शोधार्थी ने प्रस्तुत शोध ने अग्रलिखित परिकल्पनाए निर्मित की है –

1. इस योजना का लाभ ग्रामीण व पिछड़े हुए क्षेत्रों को प्राप्त हुआ है।
2. शासन द्वारा स्वीकृत राशि इस योजना पर पूर्ण रूप से व्यय की गई है।

शोध अध्ययन की विधि – वर्तमान शोध अध्ययन में निदर्शन पद्धति के आधार पर संकलित प्राथमिक व द्वितीयक समंको का उपयोग किया गया है। प्राथमिक समंको को संकलित करने के लिये मध्य-प्रदेश में पिछड़े हुए प्रत्येक जिले के 50-50 पात्र परिवार, का साक्षात्कार प्रश्नावली के अनुसार सर्वेक्षण कार्य किया गया। शोध अध्ययन हेतु समंको का संकलन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मध्य-प्रदेश के जनपद पंचायतो तथा कर्मचारियों से प्रत्यक्ष वार्तालाप व साक्षात्कार प्रश्नावली के आधार पर किया गया है।

योजना का पिछड़े क्षेत्रो पर प्रभाव – मानव विकास के संकेतक जैसे साक्षरता एवं शिक्षा और मातृ व शिशु मृत्यु दर सतत सुधार दर्शाते हैं लेकिन वे यह भी दर्शाते हैं कि प्रगति धीमी है और हम एशिया में अन्य अनेक देशों से लगातार पिछड़े हैं। जबकि साक्षारता दर जो वर्ष 1951 में 18.3 प्रतिशत थी बढ़कर वर्ष 2001 में 64.8 प्रतिशत हो गई है। अभी भी अशिक्षित व्यक्तियों की संख्या 304 मिलियन से अधिक है। जिससे भारत विश्व में सर्वाधिक अशिक्षित की संख्या वाला देश हो गया है। जीवन-प्रत्याशा दर वर्ष 1951 में 18.3 प्रतिशत थी बढ़कर वर्ष 2001 में 64.8 प्रतिशत हो गई है। अशिक्षित व्यक्तियों की संख्या 304 मिलियन से अधिक है।

भारत विश्व में सर्वाधिक अशिक्षितों की संख्या वाला देश माना गया गया है। जीवन-प्रत्याशा दर वर्ष 1951 की तुलना में लगभग 32 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2001-06 की अवधि में पुरूषों के लिए 63.9 वर्ष व महिलाओं के लिए 66.9 वर्ष हुई है। यह औद्योगीकृत देशों ने यह 80 वर्ष है, और चीन, जहाँ यह 72 वर्ष है, की तुलना में काफी नीचे है। यद्यपि औद्योगीकृत देशों के समान भारतीय महिलाओं की जीवन-प्रत्याशा दर भारतीय पुरूषों से उच्च है, फिर भी भारत में प्रत्येक 1000 पुरूषों पर केवल 933 महिलाओं का प्रतिकूल लिंगानुपात है। सबसे सोचनीय है कि बाल लिंगानुपात (0-6 आयुवर्ग में) जो 1981 में 962 था, वह तेजी से गिरकर 2001 में 927 रह गया है। भारत में मातृ व बाल मृत्यु दरें पूर्वी एशियाई देशों की तुलना में काफी अधिक हैं, जो आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक अपर्याप्त पहुँच को दर्शाती है।

नौवीं योजना से लेकर अब तक कृषि क्षेत्र की वृद्धि काफी धीमी रही है, जिससे ग्रामीण शहरी क्षेत्रों के बीच का अंतर गहराया है और इससे ग्रामीण क्षेत्र के कुछ इलाकों में बहुत असंतोष उत्पन्न हुआ है। यद्यपि वर्ष 2004 के बाद बीते कुछ सालों में कृषिगत विकास में कुछ बदलाव दिखा है। अर्थव्यवस्थागत कुल रोजगार में तेज बढ़ोत्तरी हुई है लेकिन श्रमबल इससे भी तेजी से बढ़ा है, जिससे बेरोजगार दर भी बढ़ गई है। संगठित क्षेत्र में स्थायी रोजगार घटा है,यद्यपि इस क्षेत्र की फर्में अनौपचारिक रोजगार को बढ़ावा दे रही हैं। जिससे आर्थिक विकास का क्षेत्रीय संतुलित नहीं हुआ है और कई अत्यधिक पिछड़े क्षेत्रों में बुनियादी स्तर पर आवश्यक सामाजिक सेवाओं का प्रदाय अपर्याप्त है। यह असमान विकास का एक प्रमुख कारण है। यदि केवल सेवा-प्रदाय प्रणाली को सुधार लिया जाए तो अर्थव्यवस्था के वर्तमान ढांचे के भीतर ही मानव विकास के और उच्चतर स्तर प्राप्त किए जा सकते हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् उल्लेखनीय आर्थिक उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं। जिन पर अपनी स्वतंत्रता के 60 वर्ष पूर्ण हो चुका है, तथापि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता प्राप्ति की पूर्व संध्या पर गरीबी, अज्ञान, बीमारी और अवसर की असमानता को समाप्त करने के लिए प्रयास किया था। 11वीं योजना,दसवीं योजना में हासिल उपलब्धियों को और सबल बनाने और दर्शित खामियों को सुधारने के लिए निर्णयात्मक रूप से काम करने का अवसर प्रदान करती है।

राष्ट्रीय समविकास योजना की इस व्यापक संकल्पना में अनेक अंत: संबंधित संघटक शामिल हैं, तथा तेजी से वृद्धि जिसमें गरीबी में कमी आए और रोजगार के अवसर सृजित हो सके। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक सेवाएँ प्राप्त होने में सुविधा मिल सके। विशेष रूप से गरीबों के लिए, शिक्षा के माध्यम से अवसरों और अधिकारिता में समानता, दक्षता उन्नयन, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी पर आधारित रोजगार गारंटी, पर्यावरणिक स्थायित्व महिलाओं की एजेंसियों को मान्यता और बेहतर प्रशासन इत्यादि सम्मिलित है।

क्षेत्र के विकास पर प्रभाव – राष्ट्रीय सम विकास योजना को समान स्तर पर पिछड़े क्षेत्रों में लागू किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की संभावना किंचित सीमित होती है, तीव्रतम विकास, राष्ट्रीय समविकास योजना में परिकल्पित है, जो ग्रामीण जनता का शहरी केन्द्रों में अधिक तेजी से पलायन किए जाने की संभावना को कम करता है। पहला, मौजूदा आधारभूत संरचना की गुणवत्ता को बड़ी संख्या में लोगों को संशोधित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु उन्नत बनाया जाता है और दूसरा परिवेश उपनगरीय नगर क्षेत्रों को जनता के अंतर्वाह को कम करने तथा पुन: संवितरित करने के लिए सेट लाइट काउण्टर मैग्नेट के रूप में विकसित किया गया है।

भारत कम शहरीकृत नही है, अपितु शहरी आधारभूत संरचना की स्थिति, विशेष रूप से पानी एवं गन्दे पानी की निकासी की सुविधाओं की उपलब्धता, से काफी निम्नतर है। शहरी यातायात मूलभूत संरचना को भी अत्यधिक दुरस्त किया जाना आवश्यक है। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन जिसे दसवीं योजना में शुरू किया गया था। मिशन का उद्देश्य आर्थिक रूप से उत्पादनकारी कार्यक्रम, न्यायसंगत शहरों को सृजित करना है और इसका केन्द्र बिन्दु निम्न पर है-

1. शहरों की आर्थिक एवं सामाजिक मूलभूत संरचना में सुधार करना तथा उसे बढ़ावा देना।
2. शहरी गरीब व्यक्तियों के लिए आधारभूत सेवाएं सुनिश्चित करना जिसमें वहनीय दरों पर सुरक्षा अवधि शामिल है।

3. शहरी क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के उन सुधारों को आरंभ करना जिनका प्राथमिक उद्देश्य उन कानूनी, संस्थानिक एवं वित्तीय बाध्यताओं को दूर करना है जिनसे शहरी आधारभूत संरचना एवं सेवाओं में निवेश बाधित हुआ है।
4. नगरीय शासन को सुदृढ़ करना तथा संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के उपबंधों के अनुसरण में उनकी कार्य प्रणाली को सुनिश्चित करना।

सुझाव – राष्ट्रीय सम विकास योजना के लक्ष्य के अनुरूप, ग्रामीण क्षेत्रों और पिछड़े भागों में अवसंरचनागत विकास के व्यापक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। अवसंरचना क्षेत्र, जिसमें विद्युत, सड़क, पुल, रेल, पत्तन, विमानपत्तन, दूरसंचार, संचाई, पेयजल और स्वच्छता, भंडारण क्षेत्रक शामिल हैं। इस हेतु बड़े पैमाने पर सार्वजनिक निवेश की आवश्यकता पर बल दिया है। स्वास्थ्य व शिक्षा तथा कृषि क्षेत्रकों से तथा निर्धनों के लिए आजीविका सहायता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सार्वजनिक संसाधनों की भारी माँग है। अत: राष्ट्रीय सम विकास योजना में अवसरंचना विकास की एक ऐसी रणनीति का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें संयुक्त प्रयास से वृद्धि पर जोर है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल ए.एन., भारतीय अर्थव्यवस्था स्वरूप विकास पब्लिशिंग समस्या एवं विकास हाउस नईदिल्ली 2002
2. चौधरी सी.एम., ग्रामीण विकास एक अध्ययन सवलाइस पब्लिकेशंस जयपुर-2005
3. दुबे एस.एन., आर्थिक विकास एवं नियोजन सुमित पब्लि. जबलपुर वर्ष 1998

****

वैदिक साहित्य में सामाजिक चेतना

डॉ. लज्जा शुक्ला *

प्रस्तावना – संस्कृत भाषा में साहित्य का आविर्भाव वेदों से हुआ है क्योंकि वेद ही हमारी चिन्तनधारा के कोश है। वेदों में हमारे ऋषियों ने मानव जीवन के विविध पहलुओं की पर्याप्त मीमांसा प्रस्तुत की है। मानव के आर्थिक धार्मिक सांस्कृतिक एवम् राष्ट्र प्रेम आदि भावों को प्रेरित करने वाली सामाजिक चेतना को वैदिक साहित्य में इस प्रकार किया है–

यह दिव्य मेधा, जिसने ऋषियों द्वारा वैदीकधारा को प्रवाहित किया था, जिसने भारतीय संस्कृति के उषा:काल में विश्व व्याप्त उस मौलिक तत्व का साक्षात्कार किया था जिसकी दिव्य विभूतियों का वैदीक देवताओं के रूप में मंत्रों में गान किया गया है, और जिसने मानों प्रकाशमय आनन्दमय लोकों से लाकर मानव जीवन के आनन्दमय लोको से लाकर मानव जीवन के लिए दिव्य संदेशों को श्रुति मधुर पवित्र शब्दों में सुनाया था। भारतीय संस्कृति अमृत स्रोत के रूप अब भीवैदिक मंत्रों में सुरक्षित है। उस अमृत स्रोत में अवगाहन निश्चय ही मानव के संतप्त हृदय को शांति दे सकता है अपनी अद्धितीय उदात्त भावनाओं और अमूल्य संदेशों के कारण उसका निश्चय ही सार्वकालिक और सार्वभौम महत्व है।

इस प्रकार वेदों में ऋषियों ने अपने आराध्य सूर्यद्ध इन्द्र आदि देवी–देवताओं की स्तुति करके मानव जाति की कल्याणकारी भावनाओं को प्रसारित किया है जिसमें व्यक्ति अपने जीवन को सुखी, समृद्ध तथा उन्नतिशील बनाये तथा समाज का और अपने राष्ट्र का गौरव बढ़ाये। जिससे मानव जाति निरन्तर प्रगतिशील पथ पर कदम बढ़ाते जाये–

मेधामहं प्रथमां ब्रह्मण्वती बह्मजतामिमृष्टुताम्।
प्रतीतां ब्रह्मचारिभिदवानामवसे हुवे।। (2)
स गच्छध्वं स वदध्वं स वो मतासि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजाना उपासते।। (3)

इस प्रकार परस्पर सद्भाव और समानता के भाव को प्रसारित करने वाली ऋषियों की अमृत तुल्य वाणी मानव जाति के सम्पूर्ण विकास की पथ प्रदर्शिका है–

नमो महद्भ्यो नमो अर्थकेभ्यो
नमो युवभ्यो नम आशिनेभ्य:। (4)
पुमान पुमांसं परि पातु विश्वत:। (5)

इस प्रकार गुणों से बड़े तथा न्युन सभी को नमस्कार करना चाहिये तथा एक दूसरे की रक्षा तथा सहायता करना ही मनुष्य का प्रथम कर्तव्य ऋषियों ने अपनी मधुर वाणी द्वारा व्यक्त किये है तथा जो अपने राष्ट्र के प्रति, अपनी जन्मभूमि के प्रति मानव जाति में राष्ट्रीय भावना को प्रसारित करते है तथा साथ ही में अपनी जन्म भूमि को अपनी मातृभूमि सम्बोधित करने की शिक्षा हमें वेदों से प्राप्त होती है –

इन्द्रो या चक्र आत्मनेऽनमित्रां राचीपति:।
सा नो भूमि र्विसृजतां माता पुत्राय में पय:।। (6)
ते अज्येष्ठा अकनिष्ठास अदिभ्रदोऽमध्यमासो महसा विवावृध:।
सुजातासो जनुषा पृश्निमातरो दिवोमर्या आनो आच्छाजिगातन।। (7)

राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करने वाली वेद वाणी विश्व शान्ति की कामना अपने आराध्य के समक्ष इस प्रकार प्रस्तुत करती है–

द्यौ: शान्तिरन्तरिक्षं शान्ति: पृथिवी
शान्तिरप: शान्तिरोधषधय: शान्ति:
वनस्पतय: शान्ति विश्वे देवा शान्तिर्बह्न
शान्ति: सर्व शान्ति शान्तिरेव
शान्ति: सा मा शान्तिरेधि।।(8)

विश्वशान्ति को आत्मसात करने की भावना के साथ–साथ पवित्र और शान्ति तथा आनंद को देने वाली ऋषियों की वाणी मानव जीवन के सम्पूर्ण पहलुओं को मंगलदायी कामना से पूर्ण करके व्यक्त करती है। (9)

ब्राह्मण ग्रंथ – हिन्दुजाति की धार्मिक व्यवस्था के संबंध में जो सहस्त्रों नीति नियम और विधि व्यवस्थाएँ है, उनका विस्तार से निरूपण करने वाले आदि ग्रंथ ब्राह्मण है इस दृष्टि से ब्राह्मण ग्रन्थ हिन्दु धर्म के आदि स्त्रोत है धर्म के अति प्राचीन व्याख्यान होने कारण मानव जाति के पहले धर्म ग्रन्थ भी है। ब्राह्मण ग्रंथों को वेदों का समकक्षी और समकालीन कहा गया है।

इस प्रकार ब्राह्मण ग्रंथों में यज्ञ को सर्वोपरि कर्म कहा गया है साथ ही यह भी उसमें वर्णित है कि यज्ञ करने से मनुष्य सब पापों से विमुक्त हो जाता है। यज्ञ करने से वैक्तिक आत्मोद्धार के अतिरिक्त सामाजिक कल्याण भी होता है, क्योंकि ब्राह्मण ग्रंथों में ही कहा गया है कि यज्ञ करने से सम्पूर्ण प्रजा का कल्याण होता है। यज्ञ में दी गई हवि वायु के द्वारा अन्तरिक्ष में व्याप्त होकर सूर्य तक पहूँचती है और मेधों के साथ मिश्रित होकर वर्षा के रूप में पृथिवी को अभिषिक्त करती है। वर्ष से अन्य की उपलब्धि होती है धन धान्य सम्पन्न होकर प्रजा सुखपूर्वक जीवन यापन करती है। हवि से देवगण प्रसन्न होते है और वे प्रजा का कल्याण करते है। यज्ञ करने से ऐहिक विपत्तियाँ तो विनष्ट हो ही जाती है, मनुष्य जन्म–मरण के असाध्य कष्ट से भी मुक्त हो जाता है। मानव जीवन में यज्ञ की सार्थकता सिद्ध करके तथा जिसमें मानव जीवन जाति का कल्याण नीहित है। ऐसी मंगलदायी वाणी सामाजिक चेतना के रूप में मानव जाति के लिए कल्याणकारी है।

* अतिथि विद्वान, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

आरण्यक – वैदीक साहित्य के प्रपूरक अंक सहिताएँ, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद है। इस दृष्टि से ब्राह्मण ग्रन्थों के बाद आरण्यक ग्रंथो का स्थान आता है। संहिताओं का अन्तिम भाग ब्राह्मण, ब्राह्मणों को अन्तिम भाग आरण्यक और आरण्यको का अन्तिम भाग उपनिषद है। कर्मकाण्ड विषयक ग्रन्थ होने के कारण ब्राह्मणों और आरण्यको में विशेष अन्तर नही है।

आरण्यक अर्थात् अरण्यों में उद्धत सांसारिक विषय वासनाओं एवम् नानाविध बाधा बन्धनों का परित्याग कर और शांत, एकांत, जन कोलाहल से दूर वनों में रहकर ऋषि श्रेष्ठों में जिस ब्रह्म विद्याा विषयक महान ज्ञान का साक्षात्कार किया था, उसी का संग्रह आरण्यक ग्रन्थों में परिपूरित है। (11)

इस प्रकार आरण्यक ग्रंथों में ब्रह्मविद्या के द्वारा सामाजिकों में ईश्वर प्राप्ति की कामना हेतु सामाजिक चेतना उत्पन्न की गई।

उपनिषद – उपनिषद युग विचार क्रान्ति का संघर्षमय युग रहा है। भारतीय विचार परम्परा के इतिहास में उपनिषद ग्रंथों के आविर्भाव से वैदीक साहित्य में एक सर्वथा नय युग का सूत्रपात होता है। उपनिषद ज्ञान के आविर्भाव के कारण भारतीय साहित्य में इतना महान परिवर्तन हुआ कि उसकी काया पलट हो गई। यह उपनिषद युग भारतीय विचार धारा की पराकाष्टा का युग रहा है। इस युग में नये अन्वेषण नई मान्यताएँ और चिन्तन हुए। जीवन जगत और ब्रह्म विषयक जिन गूढ़ ग्रन्थियों का समाधान एवम् जिज्ञासाओं का स्पष्टीकरण इस युग में हुआ वैसा संसार के इतिहास में आज तक नही दिखाई देता। यद्यपि उपनिषद भी वेद वचनों का संबल रखकर आगे तथापि वेदों और उपनिषदों में जीवन की शाश्वत भावनाओं के प्रति अपने अपने दृष्टिकोण से विचार किया गया तथा उपनिषदों में समाज में व्याप्त वेद संबंधी भ्रान्ति को भी दूर किया गया कि वेद धार्मिक यज्ञ क्रियाओं से संबंधित है। उपनिषद ग्रंथों से जीवन जगत संबंधी महत्वपूर्ण विषयों के प्रति मानव जाति में सामाजिक चेतना उत्पन्न की गई जो इस प्रकार है– उपनिषद ग्रन्थ समभाव की प्रेरणा देते है। सभी मानव में एक ही ईश्वर है। जो सबको एक दृष्टि से देखते है–

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवातुपश्चति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते।। (12)

उस सर्वशक्तिमान सर्वव्यापक ईश्वर की समभाव दृष्टि से मानव जाति का कल्याण हो तथा सभी जन सन्मार्ग का अनुसरण करें इसी शुभ तथा कल्याणकारी भावना को इस प्रकार प्रस्तुत किया है जिसमें सम्पूर्ण मानव जाति का हित सम्मिलित है–

अग्ने! नय सुपंथा राये अस्मान्
विश्वानिं देव वयुनानि विद्धान
युयोध्वस्मजजुहुराणमेनो
भूमिष्ठा ते नमउक्ति विधेम। (13)

इस प्रकार अपने आराध्य देव से वंदना करके मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य ज्ञान प्राप्ति की कामना पूर्ति के लिए मानव जाति को सत्य तप, सम्यज्ञान और ब्रह्मचर्य को समन्वित व्यवहार करके ज्ञान प्राप्ति तथा परमात्मा के दर्शन की इच्छापूर्ति होती है जिससे मानवजाति को परम स्थिति प्राप्त होती है। इस भाव के द्वारा ऋषियों ने मानव जाति में अपने आराध्य के प्रति एकनिष्ठ भावना के प्रति सामाजिक चेतना जागृत की है।

सतयेन लभ्यस्तपसा ह्योष आत्मा
सम्यग्ज्ञानेन् ब्रह्मचर्चेण नित्यम्।
अन्त शरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो
यं पश्चन्ति यतत: क्षीण दोषा:।। (14)

इस प्रकार मनुष्य अपेन अन्दर ही अपने विशुद्ध स्वरूप अथवा परमात्मा के दर्शन की भावना के साथ ही उपनिषद ग्रन्थ कर्मनिष्ठ व्यक्ति की प्रशंसा करके सर्वजन को कर्म के प्रति इस प्रकार प्रेरित करते है–

यथा वक्षस्य सपुष्पितस्य दूराद गन्धोवाति।
एवं पुण्यस्य कर्मणो दूराद् गन्धो वाति।। (15)

पवित्र कर्मो की सुगंध दूर–दूर तक पहूँच जाती है। इस प्रकार मंगलमय भावना को प्रेरित कर उपनिषद ग्रंथों ने मानव जाति में सामाजिक चेतना को जागृत किया गया है। जो उस युग से निरन्तर वर्तमान समय तक समाज सामाजिक चेतना के भाव से समन्वित है। संस्कृत साहित्य में उपजीव्य काव्यों की श्रेणी में तीन महत्वपूर्ण काव्य है– रामायण, महाभारत तथा श्रीमद्भागवतगीता। इन तीनों मर्मपर्शी काव्यों का अवान्तर काव्य साहित्य के ऊपर बड़ा ही विशाल मार्मिक तथा स्फूर्तिदायक प्रभाव पड़ा है। ये महनीय उपजीव्य काव्य सामाजिक चेतना के भाव से समन्वित है। अत: साहित्य समाज का दर्पण होता है। इसी भावना से इन काव्यों की सृजना हुई है जो निरन्तर अपनी काव्य साधना से समाज को सम्पूर्ण मानव जाति को मानवीय जीवन के विभिन्न पहलुओं की व्यवहारिक शिक्षा के द्वारा सामाजिक चेतना जागृत करते है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण मानवजाति उन्नति के पथ पर अग्रसर होती रहे तथा समाज बुराईयों से रहित होकर विकास के मार्ग पर कदम आगे बढ़ाता रहे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सुभाषित शप्तशती
2. अथर्व 6/108/2
3. ऋग्वेद 10/191/2
4. ऋग्वेद 1/26/13
5. अथर्व – 12/1/10
6. ऋग्वेद 5/59/6
7. यजुर्वेद 36/16
8. ऋग्वेद संहिता 1/37/15, 1241/9, 1/55/3, 8/48/14
9. संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास
10. संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास
11. इशोपनिषद– 6
12. इशोपनिषद – 18
13. मण्डकोपनिषद 3/1/5
14. नारयणोपनिषद 2/11

****

Study of Long-Term Solar Output Variability and their effect on the Earth's Magnetosphere and Galactic Cosmic Rays

A. P. Tiwari * A. K. Saxena ** C. M. Tiwari ***

Abstract - In this paper we have studied the Long-Term variability of solar output and their effect on Earth's magnetosphere and Galactic Cosmic Rays. We know that the entire space weather phenomenon in heliosphere is associated with the Sun's and their activity. Sunspots and their 11-year activity are show as big indicator of solar activity. Halo-CMEs (Coronal mass ejections) and their associated solar flares are linked with sunspots, those have similar 11-year solar activity and plays an important role in heliosphere.
Key words- (Rz) Sunspot number; (CRI) Cosmic ray intensity; (CMEs) Coronal mass ejections; (SC) Solar cycle.

Introduction - Solar phenomenons are the natural phenomena occurring within the magnetically heated outer atmosphere in the Sun. These phenomenons take many form including solar wind, radio wave flux, energy burst such as solar flares, CMEs (Coronal mass ejections) or solar eruption (Carlos et al., 2014) coronal heating and sunspots. The solar surface is full of spots which look back because these are cooler than the surrounding region known as sunspots, these were noticed by several earlier observer (Chapman et al., 1940; Mckinnon, 1987). (Schwabe, 1843) showed that the yearly average sunspot numbers have an approximate 11-year solar cycle. This lead to solar flares (Carrington, 1859; Hudson et al., 1995) and CMEs (Coronal mass ejections) (Parker, 1959; Tousey, 1973). The solar activity parameter of longest history is the sunspots, discovered by Galileo in 1612, who noted that sunspots seemed to be moving on the solar surface. He suggested correctly that this was because the Sun was itself rotating with a rotation period of 27 days, slightly faster at the equator as compared to higher latitudes. The solar output from the Sun corona when reach into interplanetary space it modulated the galactic cosmic rays (mostly contain protons). The temporary disturbance of the Earth's magnetic field by solar plasma and solar magnetic field are called geomagnetic storms. Geomagnetic storms are direct related with halo-CMEs (Coronal mass ejections) and solar flares. In these paper criteria of taking geomagnetic storms is Dst $\leq$ -100 nT.

Data analysis - For this research work we have taken yearly average value of sunspot number from National Oceanic Atmospheric Administration (NOAA) their website is www.ngdc.noaa.gov. To observed the long relationship between Galactic cosmic rays and sunspot number we have used the monthly mean of hourly count rated of Moscow neutron monitor having magnetic cut- off rigidity (Rc = 2.42 GeV) which is located on the Earth at latitude 55.47N as well as longitude 37.32E. For Dst (Disturbance storm time) limit of $\leq$-100 nT we have used Omniweb of NASA.

Result and discussion - Solar cycle have an average duration of about 11-year. Like 11-year solar cycles the number of geomagnetic storm and galactic cosmic rays posse's 11-year solar activity. Solar cycle activity are defined by the sunspots number, it means the sunspot number are the best indicator of solar activity. In long-term (11-year) solar cycles, all other solar phenomenon are shows similarity to sunspot number i.e. solar flare, solar flux, coronal mass ejections (CMEs), geomagnetic storms, galactic cosmic rays etc. In figure (1a) the sunspots number and numbers of geomagnetic storms have shown the similar activity during long-term (11-year) solar activity. According to these figure the number of geomagnetic storms are increases and decreases with sunspots activity. It means the Earth's magnetosphere protect the human lives from solar protons and X-rays on the Earth. A polarity of solar magnetic field plays a dominant role in heliosphere and modulates the galactic cosmic rays intensity. When the solar cycles are in active mode resulting large eruption of CMEs and solar flare ejected on the Sun towards the Earth's that consequences a huge disturbance of space weather are generated in heliosphere. The weak solar activity has been felt throughout the heliosphere, with diminished solar wind speed, density and magnetic field (McComas et al., 2013;

* Department of Physics, Awadhesh Pratap Singh University, Rewa (M.P.) INDIA
** Department of Physics, Awadhesh Pratap Singh University, Rewa (M.P.) INDIA
*** Department of Physics, Awadhesh Pratap Singh University, Rewa (M.P.) INDIA

Gopalswamy et al., 2014 a,b). The Solar activities during period from 1987 to 2015 are decreases their consequences the galactic cosmic rays intensity are increases during the same time period. The correlative study of solar cycle-22 to solar cycle-24 between sunspot number and cosmic ray intensity, sunspot number and number of geomagnetic storms are show the similar correlation during the same time period have shown in figure (2a) and (2b). According to solar activity the galactic cosmic rays intensity and number of geomagnetic storms are decreases during period between solar cycle-22 to solar cycle-24 have shown in figure (1a) and (1b). Its mean geomagnetic storms in the limit of Dst $\leq$ - 100 nT from solar cycle-22 to solar cycle-24 are decreases their consequences number of geomagnetic storms also decreases during the same period of time have shown in figure (3). The halo-CMEs and their associated solar flares are affected the Earth's magnetosphere and ionosphere etc. These are also affecting the galactic cosmic rays which are coming from interstellar space. Near the polar region of the Earth the galactic cosmic rays easily travel and inters into the Earth's magnetosphere causes disrupt the ionosphere. Therefore, ionosphere disturbance disrupt satellite communication and navigation system. Many solar phenomenon changes periodically over an average interval of about 11-years. This solar cycle affect solar irradiation and influences space weather, terrestrial weather and climate. The solar cycle also modulates the flux of short-wavelength solar radiation, from ultraviolet to x-rays and influence the frequency of solar flares, CMEs and other solar eruptive phenomenon.

Conclusion - Analysis of this paper shows the heliospheric disturbance have decreased during period from solar cycle-22 to solar cycle-24. Therefore the associated phenomenon of solar activity i.e. CMEs, solar flares etc. would disrupt the Ionosphere and the Earth's magnetosphere during the same time period. We know that the Inospheric disturbance affect our communication system and GPS (Global positioning system) similarly, the Mgnetospheric disturbance affect the GIC (Geomagnetic induced current). Finally, we found that- (1) the solar activities from solar-22 to solar cycle-24 have decreased. (2) The Galactic cosmic rays during solar cycle-22 to solar cycle-24 have increased. (3) The Geomagnetic storms during solar cycle-22 to solar cycle-24 have decreased.

Acknowledgement - The author gratefully acknowledge the Moscow ground based neutron monitor, Omni web data of NASA and World data centre for providing the data sources.

References :-

1. Carlos, J., Schriver, George, L., (2010). Heliophysics: evolving solar activity and the climate of space and the Earth (Cambridge Univ. Press), ISBN 97805 21112949, 28 August 2014.
2. Carrington, R.C., Description of a singular appearance seen in the Sun on Sept. 1, 1859. Mon. Not. R., Astron.Soc., (UK), 20 (1859, pp 13-15.
3. Chapman, S. And Bartles, J., 1940. Geomagnetism vol. 1 (Oxford Univ. Press, New York), pp 328-337.
4. Gopalswamy, N., et al., 2014a. Geophys. Res. Lett., 41, 2673, doi: 10.1002/2014GL059859.
5. Gopalswamy, N., et al., 2014b. The Earth, Planets and Space, 66, 104, doi: 10.1186/1880-5981-66-104.
6. Hadson, H., Haisch, B. and Strong, K.T., 1995. Comment on the solar flares myth by JT Gosling, J. Geophys. Res., (USA), 100 (A3), pp 3473-3477, doi: 10.1029/29JA02710.
7. McComas, D.J., et al., 2013. J. Astrophys., 779, 2, doi: 10.1088/0004-637X/779/1/2.
8. Mckinnon, 1987. Sunspot numbers, 1610-1985, UAG Report 95 (NOAA Boulder, Colorado), 112.
9. Parker, E.N., 1959. Extension of the solar corona into interplanetary space, J. Geophys. Res., (USA), 64, pp 1675-1681.
10. Schwabe, A.N., 1843. Sounen Beobachtungen in Jahre, Astron. Nachr., (Germany), 21 (1844), pp 233-246.
11. Tousey, R., 1973. The solar corona in the Cospar space research-13, (Academic Verlag Berlin), pp 713-730.

Figure 1,2 & 3 (See in next page)



Figure 1: (a) shows the no. of geomagnetic storms (Dst ≤-100 nT) and sunspot number (Rz) during the period from year 1987-2015 and **(b)** shows the no. of geomagnetic storms (Dst ≤-100 nT) and galactic cosmic rays during the period from year 1987-2015.



Figure 2: (a) shows the linear correlation curve between sunspot number (Rz) and no. of geomagnetic storms (Dst ≤ -100 nT) of solar cycle 22, 23 and 24. **(b)** Shows the linear correlation curve between sunspot numbers and galactic cosmic rays of solar cycle 22, 23 and solar cycle 24.



Figure 3: shows the no of geomagnetic storms (Dst ≤ - 100 nT) in (%) during period from solar cycles 22, 23 to solar cycles 24.

****

मैत्रीय पुष्पा के कथा-साहित्य में चित्रित समाज और नारी

डॉ. रश्मि प्रीति गुरु *

प्रस्तावना – मैत्रीय पुष्पा ने अपने कथा साहित्य में नारी की सामाजिक स्थिति को उठाया है। इनकी कहानियों एवं उपन्यासों में 'नारी' परम्परागत जीवन मूल्यों से संघर्ष करती दिखाई देती है। मैत्रीय पुष्पा के कहानी संग्रह में आस्थायें धुधलाता हुआ भविष्य इन्हही दुख दर्द की घटनाओं के ताने-बाने से बुनी से कहानियाँ इक्कीसवीं शताब्दी की देहरी पर दस्तक देते भारत के ग्रामीण समाज का आइना हैं। एक ओर आर्थिक प्रकृति दूसरी ओर शोषण का यह सनातन स्वरूप है।

मैत्रीय पुष्पा ने समाज की बिखरती हुई स्थिति को कहानी के माध्यम से उठाया है। 'मैत्रीय पुष्पा' ने कहानी 'केतकी' में गाँव की जमीदारी प्रथा को कायम रहने की ओर संकेत किया है। देश भले ही इक्कीसवी शताब्दी में पहुँच गया हो परन्तु हमारे गाँव के किसानों का जीवन आज भी गुलामी की जंजीरों को जकड़ा हुआ हैं। इस प्रकार मैत्रीय पुष्पा ने 'चिन्हार' सग्रह की कहानियों में समाज की स्थिति को उठाने का प्रयास किया है। इन कहानियों के मूल्य में नारी के दर्द की गाथा छुपी हुई हैं। कहानियों में नारी पात्र अपने परिवार और समाज में संघर्ष करते हुए विकास की ऊंचाइयों को सुनने के अभिलाषी हैं। परिवार और समाज के रीति-रिवाजों, मान-मर्यादाओं, परम्पराओं को तोड़ना चाहते है।

इक्कीसवीं शताब्दी और विकास की चरम उच्चाई पर पहुँचने के बाद भी हमारा ग्रामीण आज झूठी मान-मर्यादाओं के दर और अंधविश्वासों के बोझ तले दबा हुआ हैं। इन कहानियों के नारी पात्र उस बोझ को उतार फेंक देना चाहते हैं। मैत्रीय पुष्पा ने इन कहानियों के माध्यम से समाज की वास्तविक स्थिति को सामने लाने का प्रयास किया है।

'कहानी' फैसला में नारी के समाज में उठते हुए रूप को सामने रखा गया हैं कहानी की पात्र 'वसुमति' गांव के प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ती है और वह चुनाव जीत जाती हैं। मैत्रीय पुष्पा ने नारी के उभरते हुए स्वरुप की चर्चा करते हुए लिखा है 'बरोबरी का जमाना ठहरा' प्रधान बन गई हैं न 'वसुमति' 'इंदिरा गांधी' का राज्य है। बोलो इंदिरा गांधी की जय नारी के इस विस्तृत स्वरूप को परिवार और समाज एकाएक स्वीकार नहीं कर पाता है। इसी कारण पहले पहल समाज के द्वारा विरोध किया जाता है। 'रिजिक' कहानी की नायिका 'लल्लन' गांव में रहती हुई दाई का काम करती है 'लल्लन' एक ऐसी नारी पात्र है। जो समर्पित भाव से अपने कार्य को अंजाम देती है। मैत्रीय जी ने दाइयों को सरकार द्वारा दी जीने वाली ट्रेनिंग की भी चर्चा की है। दाईयों को इसलिए ट्रेनिंग दी गई कि वे प्रसूति के समय सफाई का ध्यान रखे। गाँव में फैले अंधविश्वासों को दूर करे। इन कहानियों के नारी पात्र अपने समय के समाज और परिवार से संघर्ष करते हैं।

मैत्रीय पुष्पा एक नायिका प्रधान लेखिका हैं इसलिए उनके कथा साहित्य में नायिकाओं का व्यक्तित्व अधिक उभरता हैं। 'राजेन्द्र यादव' ने इनकी कहानियों के बारे में लिखा है। नारी अपने सुख-दुखों, यंत्रणाओं और योतनाओं में तपकर अपनी स्वतंत्र पहचान मांग रही है उनका अपने प्रति ईमानदार होना ही 'बोल्ड' है।

'फैसला' कहानी की 'वसुमति' सामाजिक विषमताओं और आर्थिक शोषण की चुनौती देती हैं 'इदन्नमम' की 'मंदा' और उसी से कदम मिलाती हुई जातिगत और राजनीतिक दलालों से सिंहासन छीनने का इरादा किया हैं। 'चाक' उपन्यास की 'सारंग नेनी' आधी दुनिया के बासिन्दे सब नैतिक दृष्टि से आजादी में दोवदारी करने लगे है।

'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में चुनावी माहौल और चुनावी आरक्षण को उठाया गया है। प्रधानी पद के लिए जब आरक्षण हो जाता है। तब हर खेमे में जीतने वाली महिला की खोज-खबर शुरु हो जाती हैं और चुनावी प्रचार जोरो से शुरु हो जाता हैं। मैत्रीय पुष्पा ने दहेज के कारण रूकती हुई शादी की चर्चा की हैं। पर्याप्त दहेज न होने के कारण अनमेल विवाह करने के लिए मां बाप बेबस हो जाते हैं। मैत्रीय पुष्पा ने छुआछूत, ऊंच-नीच के भेदभाव की चर्चा भी की है।

'कहनी साँप सीढ़ी' में बढ़ती हुई बेरोजगारी और नौकरी की चर्चा की गई हैं। इस प्रकार हम कह सकते है कि मैत्रीय पुष्पा की रचना यात्रा के अंतर्गत उपन्यास का प्रारंभ 'स्मृतिदेश' से होता है। मैत्रीय पुष्पा अपने उपन्यासे में नारी जीवन की समस्याओं को गंभीरता से उठाती है। इनकी कहानियों में समाज के नगरीय और ग्रामीण दोनों परिवेशों का चित्रण हुआ है। निश्चित ही मंत्रीय पुष्पा की रचना यात्रा समाज के नारी वर्ग की समस्याओं को केन्द्र में रखकर चलती हैं।

इस प्रकार मैत्रीय पुष्पा ने अपने उपन्यास और कहानियों में समाज के ग्रामीण परिवेश की नारियों का चित्रण किया है। ये नारी पात्र समाज की परम्पराओं, रीति-रिवाजों, अंध विश्वासों को तोड़कर स्वतंत्रता की पुकार लगाती है और संघर्ष करती है इनकी कहानियों में ग्रामीण परिवेश के साथ नगरीय परिवेश का चित्रण हुआ है।

मैत्रीय पुष्पा के कथा साहितय में नारी का चित्रण करने के लिए प्रमुख सामाजिक चुनौतियों राजनैतिक संदर्भ और सांस्कृतिक संदर्भ की चर्चा की

* अतिथि विद्वान (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, उदयपुरा, जिला - रायसेन (म.प्र.) भारत

गई है। इनके उपन्यासों में नारी के संघर्ष को उठाया गया है। समाज में नारी की वास्तविक स्थिति को समझना है तो इनके उपन्यासों में देखा जा सकता है।

मैत्रीय पुष्पा ने अपने उपन्यास और कहानियों में समाज की वर्तमान यथार्थता को चित्रित करने का प्रयास किया है। साथ ही नारी वर्ग के प्रति पुरुष सोच को भी उठाने का प्रयास किया हैं तो कभी नारी दासी के रूप में चित्रित की गई तो कही पुरुष वर्ग से विद्रोह करती दिखाई देती हैं। मंत्रीय जी के नारी पात्र समय से संघर्ष करके ऊपर उठती हुई सामने आती हैं और समाज के रीति-रिवाज मान-मर्यादा को निभाती हुई स्वतंत्र व्यक्तित्व का विकास करती है।

मैत्रीय पुष्पा के नारी पात्र अपने स्वतंत्र व्यक्तित्व के विकास के अभिलाषी है उसके लिए उन्हें पुरुष समाज से संघर्ष करना पड़ता है। इस संघर्ष में कही तो वे सफल होती हैं और कही संघर्ष करके मर-खप जाती है। मरते-मरते समाज के अन्य पात्रों के लिए एक चेतना की चिन्गारी छोड़ जाती है यह चिन्गारी समाज के अन्य नारी पात्रों को विकास का मार्ग दिखाती है 'सुनीता-चतुर्वेदी' ने लिखा है कि समाज की उन्नायन अवस्था बनाने की व्यवस्था का सबसे प्रमाणिक तरीका है उस समाज में नारी की स्थिति को समझना जिस समाज में नारी की स्थिति उच्च होगी वह समाज निश्चय ही विकसित हो जायेगा।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि मंत्रीय पुष्पा ने अपने कहानियों और उपन्यासों में बदलते हुए जीवन मूल्यों और नारी की सामाजिक स्थिति द्धारा यह स्पष्ट करने का प्रयास किया हैं कि अब नारी समाज और परिवार में अब पुरुष की मोहताज नहीं है ये मूल्य नारी के स्वतंत्र व्यक्तित्व के विकास की ओर संकेत करते है।

इन सभी महिला कथाकारों के नारी पात्र समाज और पुरुष वर्ग से संघर्ष करती हुई दिखाई देती है। नारी अब किसी की मोहताज नहीं है क्योकि उसने स्वयं आश्रित होना सीख लिया है इस स्वयं आश्रित होने के कारण सबसे पहले उसने गुलामी की जंजीरों को तोड़ा है। मैत्रीय पुष्पा ने ग्रामीण समाज में रहने वाली स्त्रियों की वास्तविक स्थिति को सामने रखा है। ग्रामीण समाज की नारी किस तरह अपने स्वाभिमान को दबाकर और अपमानित होकर रह रही है 'अलमा कबूतरी' में कबूतरा जनजाति और सवर्णो के अत्याचारों को लेखिका ने उठाने का प्रयास किया हैं। उपन्यास में नारी दैहिक शोषण, भ्रष्टाचार, संघर्ष विषमता और विपन्नता को चित्रित किया है। समाज में अब नारी की चेतना जागृत हो रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कहानी संग्रह: 'चिन्हार' मैत्रीय पुष्पा, आर्य प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 98, पृ. 12
2. 'ललमनिया' मैत्रीय पुष्पा 'किताब घर दिल्ली',पृ. 97, पृ. 18, पृ. 104
3. 'हिन्दी कथा साहित्य के विकास में महिलाओं का योगदान', राधा प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 112, पृ. 304
4. 'मानव मूल्य और साहित्य', डॉ. धर्मवीर भारती, भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी1960
5. हंस पत्रिका : जनवरी 2000

****

मैत्रीय पुष्पा के कथा-साहित्य की नारियाँ - व्यक्तित्व और संघर्ष

डॉ. रश्मि प्रीति गुरु *

प्रस्तावना - मैत्रीय पुष्पा बीसबी शताब्दी के अंतिम दशक में हिन्दी साहित्य में महत्वपूर्ण महिला कथाकार के रूप में उभरी है। इनके लेखन में बहुत कुछ भोग हुआ यथार्थ है। बीसबी शताब्दी के उत्तारार्द्ध की भारतीय ग्रामीण नारी की सामाजिक परिस्थितियों से जूझने की क्षमता उजागर होती है। रचनाकार का जीवन उसका सामाजिक संघर्ष, द्वन्द्व से उपजे तनाव और समाहारों से लेखिका के मन ममें भाव जागृत होता है।

मैत्रीय पुष्पा ने अपने उपन्यास और कहानियों में नारी की सामाजिक स्थिति उसकी वर्ग चेतना और मूल्य दृष्टि को सामने लाने का प्रयास किया है। उनके लेखन में ग्राम्य जीवन की अंतरंग झलकिया देखने को मिलती हैं। मैत्रीय पुष्पा के उपन्यास और कहानियों में बुंदेलखण्ड अंचल का ग्रामीण परिवेश, लोक संस्कृति, लोकभाषा वहाँ की प्रकृति, जलवायु, नदी, पहाड़, खेत-खलियान संपूर्ण स्वरूप के साथ उभरकर सामने आते है।

मैत्रीय पुष्पा के कथा साहित्य में ग्रामीण समाज की नारियाँ सामाजिक और पारिवारिक परिवेश से संघर्ष रती दिखाई देती हैं। उनका यह संघर्ष सामाजिक परंपराओं और रीति-रिवाजों को तोड़कर स्वतंत्र जीने के लिये होता है। इस स्वतंत्र जीवन जीने में दैहिक स्वतंत्रता को उनके द्वारा सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। फिर चाहे 'इदन्नमम' की 'कुसुमा भाभी' को या 'चाक' की 'सारंग नेनी' अथवा 'कलावलती चाची' हो या 'अलमा कबूतरी' की 'कदमबाई' या 'झूला नट' की 'शीलों' ये सभी नारी पात्र अपनी दैहिक स्वतंत्रता की पक्षधर है। मैत्रीय पुष्पा ने इन नारी पात्रों के माध्यम से नारी की स्वतंत्रता को उठाने का प्रयास किया है।

'स्मृतिदेश' के केन्द्र में 'भुवन' एक ऐसी नारी पात्र है जो समाज और परिवार की मार सहते हुए जीने के लिए संघर्ष करती रहती हैं और इसी संघर्ष में अंतत: दम तोड़ देती है। एक भुवन की ही नही तिल-मिल मिटती कई भुवनोय की कहानी है, भुवन जीवन के अपने बचपन से लेकर अंतत: संघर्ष करती रहती है यह समाज की उन नारियों की कथा है जिसका बचपन से लेकर जवानी तक का जीवन संघर्षमय रहता है। समाज और परिवार दोनों में भारतीय नारी कभी भी सम्मान-जनक जीवन नहीं जी पाई है यही भुवन की कथा भी है और आत्मकथा भी है।

इस प्रकार 'स्मृतिदेश' उपन्यास में मैत्रीय पुष्पा ने 'भुवन' के माध्यम से एक संघर्ष करती नारी की कथा कही है।

'बेतवा बहती रही' उपन्यास मैत्रीय पुष्पा का यह पहला उपन्यास हैं जो उनके लेखन की पहली सीढ़ी माना जाता हैं। 'बेतवा बहती रही' यह अंचल विशेष से जुडत्रा उपन्यास हैं जिसमें बेतवा नदी के आस-पास का जनजीवन चित्रित किया गया है। 'बेतवा बहती रही' उपन्यास में बेतवा नदी के किनारे बसे ग्रामीण परिवेश का चित्रण किया है। यह परिवेश प्रमुख रूप से राजगिरी, सिरसा, चंदनपुर, गांव के जनीवन को लेकर उभरा है। इस उपन्यास मे संपूर्ण कथा 'उर्वशी' के इर्द-गिर्द घूमती हैं यह उपन्यस के वल 'उर्वशी' की कथा ही नहीं कहता बल्कि किसी ग्रामीण कन्या की व्यथा हो सकती है। विपन्नता का अभिशाप, शोषण और सनातन संघर्ष एक विविश यातना में नाटकीय जीवन है। 'बेतवा बहती रही' उर्वशी का जीवन संघर्ष में बीतता है। उर्वशी बचपन से लेकर जीवन के आखिरी क्षणों तक समाज से संघर्ष करती है।

मंत्रीय पुष्पा ने उर्वशी के माध्यम से सम्पूर्ण ग्रामीण परिवेश की नारी कथाओं को उठाया है। 'उर्वशी' ग्रामीण परिवेश की नारी समाज का प्रतिनिधित्व करती है 'उर्वशी' कुछ दिन ही वैवाहिक जीवन जी पाई उसके बाद एक दुर्घटन में सर्वदरमन की मृत्यु हो जाती है।

'मैत्रीय पुष्पा' ने 'बेतवा बहती रही' उपन्यास में नारी की सामाजिक स्थिति को स्पष्ट किया है। नारी कभी 'उर्वशी' विधवा होने के बाद अपने बड़े भाई द्वारा बेच दी जाती हैं।

1. ऋण स्वीकृति के संबंध में म.प्र. वित्त निगम को स्वयं छोटे पूँजी आधार के अधिकतम उद्योगों को प्रोत्साहित करने की ओर ध्यान देना चाहिए। इसका काम यह होगा कि छोटे आकार का एक उद्यम डूब जाने की स्थिति में भी वित्त निगम लाभ में चलने वाले अन्य उद्योगों से अपना उधार की क्षतिपूर्ति कर लेगा। छोटे पूँजी आकार के अधिक उद्योगों को भी ऋण देने की अपेक्षा बड़े आकार के एक ही उद्योग को ऋण दिये जाने की प्रवृत्ति के कारण मध्यप्रदेश वित्त निगम अपने ऋण स्वीकृति के निर्धारित लक्ष्यों को तो शीघ्रतापूर्वक प्राप्त कर सकता है, किन्तु दीर्घवधि में ये बड़े उद्योग के बंद हो जाने की स्थिति में एक बड़ी राशि डूब जाने से स्वयं वित्त निगम की तरलता में प्रभावोत्पादक कमी होगी। अतएव म.प्र. वित्त निगम यदि कम अवधि के छोटे पूँजी के आकार उद्योगों के वित्त पोषण पर अधिक ध्यान दे तो प्रदेश के पिछड़े जिलों एवं उद्योग विहीन जिलों के विकास में तो सहायता प्राप्त होगी ही, स्वयं मध्यप्रदेश वित्त निगम द्वारा उधार दी गई राशि भी सुरक्षित रह सकेगी।
2. स्वीकृत परियोजना को समयबद्ध रुप से कार्यषील बनाने की दृष्टि से ऋण वितरण की गति को लंबी एवं अनावष्यक क्रियाओं से बाधित नहीं होने देना चाहिए। ऋण वितरण में विलंब के कारण परियोजना लागत में वृद्धि हो जाती है तथा उत्पादन मे आने तक ब्याज की बढ़ती बकाया से उस उद्योग की काम की संभाव्यता भी समाप्त हो जाती है। वितरण को विलंबित होने से बचाने के लिए निम्नांकित सुझाव दिये जा सकते है :-
   - ऋण संबंधी कार्य के लिए निगम को सामान्य आवेदन लेकर प्रोजेक्ट की सफलता का मूल्यांकन करने के पश्चात् त्वरित ऋण प्रदान करना चाहिए अथवा औपचारिकताओं का निर्वाह करवाये बिना ही प्रथम दृष्ट्या ही आवेदन को अस्वीकृत कर देना चाहिए।
   - ऋण स्वीकृति के पश्चात् औपचारिकताओं को अविलंब पूर्ण करवाकर राशि का वितरण तुरंत कर देना चाहिए ताकि प्रोजेक्ट को अनुमानित लागत में ही पूर्ण किया जा सके।
   - ऋण भुगतान पृथक खाते में जमा करके एक मुष्त किया जाना चाहिए। इससे ऋणग्राही शीघ्र ही धनराशि का सदुपयोग करने में समर्थ हो जायेगा।
3. म.प्र. वित्त निगम यदि केवल वित्त पोषक अभिकरण के रुप में ही कार्य करें तो लघु उद्योगों की स्थापना में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती। उसे तो जिले के औद्योगिक विकास के लिए बहुआयामी प्रयास करने होंगे। ।
4. म.प्र. वित्त निगम को स्वयं अपनी ऋण नीतियों को व्यावसायिक तथा सामाजिक हित को दृष्टिगत रखकर संचालन करने की स्वायत्तता होनी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. सम्पूर्ण अध्ययन-सिद्दकी शाबाद अहमत-उपकार प्रकाशन 2009
2. अनुसंधान की प्रविधि और प्रक्रिया-राजेन्द्र मिश्र-तक्षशिला परिसर नई दिल्ली 2002.
3. वित्तीय प्रबंध-अग्रवाल एण्ड अग्रवाल
4. Cash study solution course in finance - H. Kaushal Macmillan Publisher – 2008
5. Business Statistic – S.C. Gupta – Himalaya Publisher – 2008
6. Industrial Finance – Vishwanathan – Macmillan Publisher – 2003
7. योजना - सूचना एवं प्रकाशन मंत्रालय भारत सरकार-नई दिल्ली
8. प्रशुल्क आयोग की रिपोर्ट (1948-50)
9. म.प्र. वित्त निगम के पत्र-पत्रिकाऐं।
10. म.प्र. वित्त निगम की वर्ष 2005-06 से 2009-10 तक की वार्षिक रिपोर्ट।
11. दैनिक भास्कर - भास्कर समूह

वर्ष 2005-06 से 2009-10 तक स्वीकृत एवं वितरित राशि का वर्षवार अध्ययन

(रु. लाख में)

वर्ष	स्वीकृत ऋण राशि					वितरित ऋण राशि				
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
इन्दौर	885	1265	2555	3212	2957	671.27	1481	1424.74	1199.39	1204.73
इन्दौर-I	296	348.25	593.75	559.25	502.50	150.85	269.35	297.25	645.45	361.80
इन्दौर-II	235	381	129	217.52	302.50	107.37	226.75	151.81	130.39	292.95
कुल	**1416**	**1994.25**	**3277.75**	**3988.77**	**3762**	**929.49**	**1977.10**	**1873.80**	**1975.23**	**1859.98**

स्त्रोत:- इन्दौर में स्थित प्रधान कार्यालय के रिकॉर्ड से।

स्वयं के परिवार से दूर रहने वाली विवाहित कार्यकारी महिलाओं की संवेगात्मक परिपक्वता, तनाव एवं वैवाहिक समायोजन का अध्ययन

माया देवड़ा * डॉ. रशीदा कॉंचवाला **

प्रस्तावना – वर्तमान समय में महिलायें प्रत्येक क्षेत्र में हस्तक्षेप रखती है। वे हर व्यवसाय एवं खेल में आगे हैं। महिलाओं ने दुनिया के प्रत्येक कोने में अपना वर्चस्व स्थापित किया है। वे प्रत्येक क्षेत्र जैसे–सामाजिक, शैक्षणिक, राजनैतिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी आदि क्षेत्रों में कार्य कर रही है। विश्व के अन्य देषों में ही नहीं वरन् भारत में भी महिलाएँ केवल चार दीवारी का हिस्सा न रहकर वह समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित हो गई, जिससे अब हमारा राष्ट्र भी विकासशील देशों की श्रेणी से बाहर निकलकर विकसित देशों की श्रेणी में आ रहा है। प्राय: यह माना जा रहा है कि तकनीकी युग के कारण दुनिया में बदलाव तेजी से हो रहा है। इस बदलाव ने महिलाओं को भी घर से बाहर निकालकर प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्रदान किया है। हम यदि स्वतत्रंता के पहले एवं स्वतंत्रता के बाद महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों का विवेचन करें तो एक ओर तो यह पाते हैं कि इनकी कार्यकुशलता में तेजी से वृद्धि हुई है, परन्तु दूसरी ओर ये दिखाई देता है कि उन्हें घरों से बाहर निकलकर कार्य करने से कई प्रकार की नवीन सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है और विवाहित महिलाओं की स्थिति इससे भी गंभीर प्रतीत होती है। जहां एक ओर हमारे समाज में पुरूष अपनी जिम्मेदारी केवल अपने व्यवसाय अर्थात् केवल आर्थिक कार्यों तक सीमित रखते हैं और परिवार की अन्य जिम्मेदारियों से वे स्वयं को विमुक्त रखते हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाएँ यदि आर्थिक क्षेत्र में अपना योगदान देती है तो उन्हें उस अतिरिक्त कार्य के साथ–साथ परिवार के संपूर्ण कार्यों को भी करना पड़ता है।

संवेगात्मक परिपक्वता

कोले (1934) के अनुसार – सांवेगिक परिपक्वता तनाव सहन करने की योग्यता के साथ ही सांवेगिक परिपक्वता व्यक्ति को मजाक और मनोरंजन के लिए क्षमताओं को दृढ करता है । वह क्रियात्मक जिम्मेदारिया और खेल दोनों में आनंद उठाता है, और दोनों में वह एक उचित संतुलन बनाये रखता है। सांवेगिक रूप से परिपक्व महिलाओं में स्वयं से, परिवार से तथा समाज से समायोजन करने की षक्ति होती है।

सांवेगिक अपरिपक्व एवं अस्थिरता व्यक्ति में स्वतंत्रता एवं आत्म निर्भरता को विकसीत करने में उसकी असफलता को दर्शाता है। भावनात्मक रूप से विचलित या अस्थिर व्यक्ति परेशानियों को हल करने की योग्यता की कमी को दर्शाता हैं जिससे दैनिक कार्यो का निर्वाह करने हेतु उसे निरंतर सहयोग की आवश्यकता होती हैं। इस तरह से लोग झगडालु, आत्म केन्द्रित एवं मांगने की प्रवृत्ति वाले होते है। अर्थात विपरीत परिस्थितियों में जीवन की विषम कठिनाईयों तथा किसी भी आयु एवं बौद्धिक योग्यता के व्यक्तियों के साथ जो व्यक्ति संवेगात्मक रूप से संतुलित रहता हैं। वहीं वास्तव में संवेगात्मक परिपक्व है।

संवेगात्मक परिपक्वता तत्वो पर निर्भर करती है जिनमे मुख्य है ।

1) **शारीरिक स्वास्थ्य** – प्राय: यह देखा गया है कि यदि कोई व्यक्ति थका हुआ है या बीमार है तो उसे आसानी से संवेग (भाव) प्रभावित कर लेते है। अस्वस्थ व्यक्ति संवेगो से शीघ्र प्रभावित होते है। उनका अपने संवेगो पर कम नियंत्रण होता है। अत: एक व्यक्ति को संवेगात्मक परिपक्वता प्राप्त करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य बनाने का प्रयास करना चाहिए।
2) **बुद्धि –** अध्ययनों द्वारा देखा गया है कि जिन महिलाओं की बुद्धि स्तर निम्न होती है संवेगात्मक अस्थिरता उच्च होती है परंतु इसके विपरीत उच्च स्तर की बुद्धि वाली महिलाओं में संवेगात्मक अस्थिरता कम देखी जाती है। धामी. जी. एस. (1974) ने बुद्धिमता और सांवेगिक परिपक्वता में अर्धपूर्ण सार्थक संबंध प्राप्त किया। सेठ एवं पटेल (1987) ने पाया कि जिन शिक्षिकाओ की बुद्धिमता उच्च थी, उन्हैं संवेगात्मक परिपक्वता में भी उच्च अंक मिले थे।
3) **लिंग** –पुरूषों मे महिलाओं की अपेक्षा भय संवेग कम मात्रा में रहता हैं। इसी प्रकार महिलाओं में पुरूषों की अपेक्षा ईर्ष्या अधिक होती है। भार्गव एवं शर्मा ने पुरूषों में सामाजिक कुसमायोजन अधिक पाया। अंजूम नसीर एवं अनिल भार्गव (1998) ने देखा कि पुरूष तथा स्त्री नेताओं की संवेगात्मक परिपक्वता में अंतर नहीं होता है।
4) **सामाजिक वातावरण** –व्यक्ति जैसे वातावरण में रहता है उनमें उसी प्रकार का संवेग उत्पन्न और विकसीत होते है, यदि परिवार, पड़ोस या समाज का वातावरण तनाव उत्पन्न करने वाला होता है तो व्यक्ति में भी संवेगात्मक अस्थिरता अधिक देखी जाती है।
5) **सामाजिक आर्थिक स्तर** –उच्च सामाजिक आर्थिक स्तर की महिलाओं में संवेगात्मक परिपक्वता कम देखी जाती हैं जबकि मध्यम और निम्न स्तर वाली महिलाओं में संवेगात्मक परिपक्वता अधिक पायी जाती है।
6) **व्यक्तित्व** –जिन महिलाओं में सुरक्षा की भावना अधिक पायी जाती हैं उनमें भय संवेग कम देखे जाते है। बार्हिमुखी व्यक्तित्व वाली महिलाओं में भय संवेग अधिक होते है क्योंकि अनुकरण द्वारा ये अधिक अनुभव प्राप्त करते हैं जबकि अंतरमुखी वाली महिलाओं में भय संवेग कम मात्रा में होते हैं।
7) **पर्यावरण पर नियंत्रण** –किशोरो के मामले संवेगात्मक परिपक्वता प्राप्त करने के मार्ग में पूर्ण स्वतंत्रता और पूर्ण नियंत्रण दोनों ही बाधक

* शोधार्थी (गृहविज्ञान) भेरुलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत
** प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (गृहविज्ञान) भेरुलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

सिद्ध हुए हैं। यदि एक महिला के आस–पास का वातावरण उसके शारीरिक और मानसिक विकास के अनुकूल है तो वह समस्याओं का सामना सही ढंग से करने में असफल नहीं रहेगी और निरंतर संवेगात्मक परिपक्वता प्राप्त करती रहेगी।

8) **प्रसन्न रहने की प्रकृति** –सदैव प्रसन्न रहने की प्रकृति संवेगात्मक परिपक्वता को प्राप्त करने की विशेषता को सिद्ध करता है। यह प्रकृति उसकी चिंताओं को कम करती है यदि यह विशेषता महिलाओं में विकसीत हो जाती है तो वह सुगमता से संवेगात्मक परिपक्वता को प्राप्त कर सकती है।

1.2.0 तनाव – तनाव को किसी ऐसे शारीरिक, रासायनिक या भावनात्मक कारक के रुप में समझा जा सकता है, जो शारीरिक तथा मानसिक बैचैनी उत्पन्न करे और वह रोग निर्माण का एक कारक बन सकता है। ऐसे शारीरिक या रासायनिक कारक जो तनाव पैदा कर सकते है उनमें सदमा, संक्रमण, विष, बीमारी तथा किसी प्रकार की चोट शामिल होते है। तनाव के भावनात्मक कारक तथा दबाव कई सारे है और अलग–अलग प्रकार के होते है। कुछ लोग जहाँ 'स्ट्रेस' को मनोवैज्ञानिक तनाव से जोड़कर देखते हैं , तो वहीं वैज्ञानिक और डॉक्टर इस पद को ऐसे कारक के रुप में दर्शाने में इस्तेमाल करते है, जो शारीरिक कार्यो की स्थिरता तथा संतुलन में व्यवधान पैदा करता है जब लोग अपने आसपास होने वाली किसी चीज से तनाव ग्रस्त महसूस करते है तो उनके शरीर रक्त में कुछ रसायन छोड़कर अपनी प्रतिक्रिया देते है। ये रसायन लोगों को अधिक उर्ज्जा तथा मजबूती प्रदान करते है। हल्के मात्रा में दबाव तथा तनाव कभी कभी फायदेमंद होता है।

1.3.0 वैवाहिक समायोजन – इस विज्ञान एवं तकनीकी के संसार में प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ प्राप्त करने में लगा हुआ है। तेजी से बदलली हुई दुनिया में बदलाव बहुत दिशाओं में हो रहा है। इसलिए वह अपने आप को गत्यात्मक बनाए रखना चाहता है। खासतौर पर महिलाओं ने घर से बाहर निकलकर बाहरी दुनिया में कार्य करना शुरू किया है। जिस कारण उसे दोहरी भूमिकाएँ निभाना पड़ रही है। वह एक और किसी संस्था के कर्मचारी है व दूसरी ओर घरेलू व्यवस्थापिका इस प्रकार की दोनों भूमिकाओं को निभाने से कई विपरित परिस्थितियाँ उत्पन्न हो रही है, जिसके कारण वह पारिवारिक समायारेजन नहीं कर पाती है। इस कारण उनमें तनाव उत्पन्न हो रहा हैं। महिलाओं में तनाव उत्पन्न होने से कई प्रकार की मनोविकृति एवं मनोरोग जैसे उच्च रक्त चाप, गुस्सा, कुण्ठा, चिंता, लड़ाई झगड़े, संवेगात्मक परिपक्वता एवं वैवाहिक समायोजन, तनाव आदि उत्पन्न होने लगते है। अत: विवाहित कार्यकारी महिलाएँ जो घर से दूर रहकर कार्य करती है। इसलिए उन्हें वैवाहिक समायोजन, संवेगात्मक परिपक्वता एवं तनाव का ज्ञान हो तो उन्हें कई प्रकार की समस्याओं से बचाया जा सकता है।

अत: प्रस्तुत शोध के द्वारा विवाहित कार्यकारी महिलाएँ जो घर से दूर रहकार कार्य करती हैं, उनके वैवाहिक समायोजन, संवेगात्मक परिपक्वता एवं तनाव पर प्रकाष डालना था, जिससे वह परिवार में वैवाहिक समायोजन कर अपने परिवार में तनाव को कम कर स्वास्थ्यप्रद वातावरण में अपनी कार्यक्षमता को बडा कर कार्य कर सकने में सक्षम हो सके। इन तथ्यों को ध्यान में रखकर शोधार्थी के द्वारा स्वयं के परिवार से दूर एवं पास रहने वाली विवाहित कार्यकारी महिलाओं की संवेगात्मक परिपक्वता, तनाव एवं वैवाहिक समायोजन का अध्ययन (इंदौर शहर के संदर्भ में) करने का निश्चय किया था।

शोध पत्र के उद्देश्य

- निजी एवं शासकीय संस्थाओं में अपने परिवार से दूर रहकर कार्य करने वाली विवाहित महिलाओं की संवेगात्मक परिपक्वता का अध्ययन करना।
- विवाहित कार्यकारी महिलाओं का अपने परिवार से दूर रहकर कार्य करने का उनके तनाव के स्तर पर प्रभाव का अध्ययन करना।
- निजी संस्थान में विवाहित कार्यकारी महिलाओं का अपने परिवार से दूर रहकर कार्य करने का उनके वैवाहिक समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

परिकल्पना –

- निजी एवं शासकीय संस्थाओं में अपने परिवार से दूर रहकर कार्य करने वाली विवाहित महिलाओं के संवेगात्मक परिपक्वता के माध्य फलांकों में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
- निजी एवं सरकारी संस्थाओं में विवाहित कार्यकारी महिलाओं का अपने परिवार से दूर रहकर कार्य करने का उनके तनाव के स्तर पर पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं है।
- निजी एवं सरकारी संस्थाओं में विवाहित कार्यकारी महिलाओं का अपने परिवार से दूर रहकर कार्य करने का उनके वैवाहिक समायोजन पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं है।

शोध प्रविधि – अनुसंधानकर्ता ने प्रस्तुत अध्ययन के लिए सामाजिक अनुसंधान की वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर ही वैज्ञानिक तरीके से न्यादर्शन की योजना बनाई। ताकि वह अध्ययन क्षेत्र में जो इकाईयाँ है। उनसे संपर्क कर वास्तविक एवं गुणात्मक तथ्यों को संकलित कर सके, जिससे अनुसंधान के निष्कर्ष वस्तुनिष्ठ हो इसका पुरा ध्यान रखा गया है। निदर्शन प्रविधि का तात्पर्य उस विधि से है जिसकी सहायता से प्रतिनिधित्व पूर्ण निदर्शन का चुनाव किया जाता है। अध्ययन निष्कर्षो की यथार्थता के लिए आवश्यक है कि निदर्शन समग्र का उचित प्रतिनिधित्व कर सके। क्योंकि चुनाव कार्य मनमाने ढंग से नहीं किया जा सकता है। निदर्शन का शाब्दिक अर्थ किसी भी इकाई को चुनने से होता है। गुडे तथा हट्ट के अनुसार 'एक निदर्शन जैसे कि नाम से स्पष्ट करता है, सम्पूर्ण समूह का निम्नतम प्रतिनिधित्व करता है। प्रस्तुत शोध में सोद्देश्य निदर्शन पद्धति का प्रयोग किया गया। प्रस्तुत शोध हेतु इंदौर शहर के निजी एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत 300 महिला कर्मचारियों को न्यादर्श के रूप में चुना गया, जिनकी आयु 25 से 50 वर्ष की है। इसमें से निजी संस्था में कार्यरत 150 महिला कर्मचारी एवं शासकीय संस्थान में कार्यरत 150 महिला कर्मचारियों कों न्यादर्श के रूप में चुना गया। न्यादर्श में चुनी गई निजी एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारी संयुक्त एवं एकांकी परिवार की महिलाएं थी। इसमें से 150 संयुक्त परिवार एवं 150 एकांकी परिवार की कार्यरत महिलाओं का चयन किया गया।

उपसंहार – इस उद्देश्य के परिणाम से यह स्पष्ट होता हैं कि निजी संस्थाओं में विवाहित कार्यकारी महिलाओं की संवेगात्मक परिपक्वता, शासकीय संस्थाओं में विवाहित कार्यकारी महिलाओं के संवेगात्मक परिपक्वता से तुलनात्मक रूप से अधिक पाया गया हैं। संभवत: इस परिणाम का कारण यह हो सकता हैं कि शासकीय संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारियों में संवेगात्मक परिपक्वता का अभाव होता है जबकि निजी संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारियों में संवेगात्मक परिपक्वता होती है। साथ ही शासकीय संस्थानों की अपेक्षा निजी संस्थानों में कार्य अवधि में स्थिरता नहीं पायी जाती है। यह कार्य अवधि शासकीय संस्थानों की तुलना में अधिक होती है। इन बडी हुई कार्य अवधि की वजह से निजी संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारी अपने परिवार एवं कार्य स्थल के मध्य उचित समायोजन करने में

असमर्थ महसूस करती है, जिसके परिणामस्वरूप उनमें मानसिक अस्थिरता, चिंता एवं अवसाद कि स्थिति उत्पन्न होती है और यही मानसिक अस्थिरता संवेगात्मक परिपक्वता के रूप में उभरकर सामने आती है। संवेगात्मक परिपक्वता की दिशा में क्रोध, भय एवं खुशी मुख्य रूप निजी क्षेत्र में कार्य करनी वाली महिलाओं में अपेक्षाकृत कार्य के स्वभाव के कारण अधिक देखे जाते है। इसी वजह से निजी संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारियों में संवेगात्मक परिपक्वता, शासकीय संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारियों की संवेगात्मक परिपक्वता की अपेक्षा तुलनात्मक रूप से अधिक पाया गयी हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Aggarwal, J. (2009), Psychological, Philosophical & Sociological foundations of Education, Shipra Publications.
2. Aggraval, R. S. (1966). Modern Approach to Verbal and Non Verbal Reasoning. New Delhi. S. Chand.
3. Buch, M.B. (Ed) (1991): Fourth Survey of Research in Education, New Delhi, NCERT (1983-88).

****

Himalayan Fibres And The Possibilities Of Sustainable Livelihood Among Bhotia Tribes In Uttarakhand

Sambaditya Raj * Prof. Himadri Ghosh ** Dr. Prabir Kumar Choudhuri ***

Abstract - After the agriculture sector, textile industry is the second largest production unit in India, contributing a large portion of the GDP. With the onset of industrialization and commercialization through application of modern methods in manufacturing of textile products, there has been an increase in large scale production bringing the practice of indigenous techniques to a standstill. The rural population in the mountainous range of Uttarakhand, especially the *Bhotias.* practice their indigenous art through collection of fibres from locally available plants like Nettle, Hemp, Sisal as well as from local Himalayan Wool. Adaption of newer techniques of production of handicraft as well as poverty has gradually forced the population, mainly the youth to migrate and opt for other means of livelihood. This paper studies the efforts taken by various Organizations and Government initiatives to preserve the age long tradition of these artisans. The researcher has attempted to conduct various experiments to study the spinnability of locally available fibres and development of yarns and extend his methods of application and learning to the local community through capacity building trainings for better productivity and for a sustainable livelihood of the local artisans.
Keywords: *Uttarakhand, Indigenous, Bhotias, initiatives, sustainable livelihood.*

Introduction - Textile manufacturing is one of the oldest industries in the world. During the ancient period people used to depend solely upon animals for their skins and furs to keep their body covered. Gradually, they began to look around for some other means to keep them covered, warm and more comfortable. At a certain time, they collected long thin natural fibres from various plants and animals and twisted together to form fibrous strand known as yarns and then converted them into woven cloth.

Textiles and garments industry contributes the major responsibility in the development of the national economy of our country. The textile sector is the second largest provider of employment after agriculture. This industry employs around 45 million population and accounts for nearly 11% share of the country's total exports basket according to the Annual Report 2012-13, Ministry of Textiles, Government of India. In the Global Textiles, India's share has increased by 17.5% in 2013.

In the recent years, the most suitable natural fibres among the many available have been selected for production in the global textile industries. Today, natural fibres like cotton, jute, flax, silk, wool are the widely used textile fibres. Those have already registered their existence in the manufacturing of textiles while some other natural fibres namely Nettle, Hemp, Bhimal, Coir, Sisal etc. have relatively very limited utility in the textile industry. Himalayan region is the chief source of the natural fibres like Nettle, Hemp, Sisal and many others.

The Indian Himalayan Region (IHR) with a diversified bio-geographic and eco climatic characteristics, comprises of rich bio-physical resources and ethnic cultural groups. These ethnic groups practiced unique, indigenous methods of using available resources that have ensured long term demand for provisions of these natural resources. Among them, natural fibres extracted from locally grown plants, inheriting a combination of strength with flexibility, have extensively contributed in the economy of the region for agricultural purposes, clothing and household products. In the mountainous regions, fibre based products constituted the core component of rural society regardless their limited contribution in income generation.

In India most of the craftsmen inherit the skills from their family. With the onset of modernization and industrialization followed by increased demand of commodities, new economy and industrial products have gradually replaced the traditional indigenous techniques. Moreover, lack of capital to invest, scarcity of raw materials, unavailability of reasonable rates as well as poor networking with the current markets are the key constraints in forcing these artisans to opt for some alternative mode of income of generation thus bringing an end to their family art.

UTTARAKHAND - Situated in the northern part of the country, located in the Himalyan range, Uttarakhand extends over an area of around 53,825 km, with approximately 93%

***Assistant Professor, Banasthali Institute of Design, Banasthali Vidyapith (Rajasthan) INDIA**
**** Dean, Banasthali Institute of Design, Banasthali Vidyapith (Rajasthan) INDIA**
*****Assistant Professor, Department of Silpa Sadana, Visva Bharati University, West Bengal, INDIA**

of the geographical area comprising of mountains and forests. The state consists of a population of 1.01 crores (census 2011). Due to its remoteness and immaculate environment the local folklores refers the state as '*Dev Bhoomi*' or the Land of the Gods. More than 75 percent of the population engaged in agriculture for livelihood, contributes a large proportion in the Indian economy More than 95 different plant origin fibres exist in Uttarakhand, out of which a few of them are essential in the lives of tribal communities of the state.

COMMUNITIES OF UTTARAKHAND - Uttarakhand is the home of five major Scheduled tribes namely the *Tharus, Buxas, Bhotias (Shaukhas), Jaunsaris* and *Ban Rajis* with their prominent ethnicity, socio cultural norms, traditional practices, their livelihoods and dialects**.** Each and every ethnic group have their distinct cultural occupation. The local people in Himalayan region are engaged on terrace farming and collection of raw materials like wood, grass, wild bushes etc. from surrounding forest for production of handicrafts at a small scale for their livelihoods. Various researches portray the involvement of Bhotia community in using of fibres collected from locally grown Nettle, Sisal, Hemp as well as Wool obtained from rearing of sheep.

BHOTIA TRIBES - The Bhotias, sub grouped explicitly into the Jadh, the Marcha and the Shaukhas usually reside in the high altitudes of the Himalayas, mostly scattered in the rural areas of Almora, Chamoli, Pitthoragarh and Uttarkashi districts of the state. The Bhotia tribe is a Mongoloid ethnic community originally migrating from Tibet. Bhotias, occupy the geographical area termed as 'Bhot' by the British administrators.

This ethnic group practices seasonal migration by shifting during winter with their livestock from a higher altitude to a lower altitude. In the summers they climb to a higher altitude for cultivation and collection of various wild plants. In the winters, the women folks weave woollen carpets and knit woollen garments for trading.

Various researches conducted on the utility of available plants reveal the possibilities of industrialization and commercialization. Efforts have been made by various NGOs in promoting the use of Rambans (*Agave cantala*), Bhimal (*Grewia optiva*), Industrial Hemp, (*Cannabis sativa* L.), Stinging Nettle (*Gerardinia diversifolia*), etc. In the urge to pursuit a change and promote their livelihood the women of Bhotia community are involved to produce various handicrafts through extraction of fibres, spinning them into yarns.

The local people in Himalayan region are engaged in collection of raw materials like wood, grass, wild bushes etc. from surrounding forest for production of handicrafts at a small scale for their livelihoods. The people of the hilly region mainly the Bhotia tribes of Uttarakhand are involved in developing different handicrafts from Nettle fibre. Limited source of income has resulted in frequent migration especially among the youth in search of employment for better standard of living. Before the Indo-China war, the natives of India traded with the natives of Tibet exchanging potatoes, grain, spices for ghee, wax, wool and salt from Tibet that came to a standstill after 1962.

Ecological disasters, dying traditional farming and depreciating tourism are the major problems leading to unemployment and severe migration in the Nettle fibre producing region of Uttarakhand. For combating such crisis and to prevent frequent migration of the rural community from higher altitude of himalayan belt as well as to preserve the age old traditions, organizations, to name a few, Uttarakhand **Bamboo & Fibre Development Board,** Avani, Chirag, Women's Development Organisation, Girish Griha Resha Udyog, HOPE etc are coming forward to promote sustainable livelihood through preservation of their indigenous methods through value chain system. The Uttarakhand Bamboo & Fibre Development Board has highlighted the usage of Himalayan Nettle for clothing by the local people thousand years back. As it has lost its popularity the Board is taking necessary initiatives to promote the usage of wildly grown but eco friendly fibre, Nettle, among the hill people specially Bhotia community of Uttarakhand who are crafting variety of products in nettle fibre.

It is believed that forming and strengthening the community based organizations would promote socio economic status of the local masses, enhance their access and control over natural, financial and developmental resources. Government has taken initiatives to promote this decentralised sector of handicrafts making through financial supports, knowledge transfer and providing security. This is aiming towards distribution of economy among the peoples of rural areas in particular and thereby uplifting the economic conditions of the craftsmen, artisans to a great extent.

The researcher experimented on the study of spinnability of fibres available, Himalayan wild plants like Nettle, Hemp and Sisal and locally available wool to convert into yarn and subsequently into woven textiles through in-depth, systematic and scientific studies. This could be further applicable in designing and developing newer and innovative products which in turn may lead to economic development of the region and prevent migration thus helping the local artisans to fight against poverty and preserve their traditional regional art and craft.

References :-

1. http://www.textbooksonline.tn.nic.in/books/11/stdxi-voc-textiles-em.pdf
2. Annual Report 2012-13, Ministry of Textiles, page 40, Government of India.
3. A Brief Report on Textile Industry in India, ASA & Associates LLP, 2015.
4. Promising Fibre-Yielding Plants of the Indian Himalayan Region, G.B. Pant Institute of Himalayan Environment & Development, Uttarakhand, 2010. Retrieved from http://gbpihed.gov.in/PDF/Publication/Fiber Plants.pdf
5. District wise skill gap study for the State of Uttarakhand. National Skill Development Corporation. Retrieved from http://www.nsdcindia.org/sites/default/files/files/uttarakhand-sg-report.pdf

6. Chopra, R. (2014). *Uttarakhand: Development and Ecological Sustainability*. Oxfam India. https://www.oxfamindia.org/sites/default/files/WP8UttarakhandDevpEcoSustainabiit3.pdf
7. http://www.ubfdb.org.in/natural-fibers/
8. Tolia, R. S. Great Tribal Diversity of Uttarakhand.http://uic.gov.in/Without%20Fear%20or%20Favor/Great%20Tribal%20Diversity%20of%20Uttarakhand.pdf
9. Rai, R. K. (2016). *Tribes of Uttar Pradesh, Brief Introduction*. International Journal of Advanced Research. 4 (1). Pp. 1143 – 1149.
10. Himalayan Ecology. Envis Bulletin. G.B. Pant Institute of Himalayan Environment and Development. 2010. Vol. 8.
11. Mahajan, A. (2014). *Ethno medicine of Bhotia tribe in Mana village of Uttarakhand.* International Journal of Sociology and Anthropology. Vol. 6 (10). Pp. 296 – 304.
12. Chen, Q. And Tao Zhao. (October, 2016). *The thermal decomposition and heat release properties of the nylon / cotton, polyester / cotton and Nomex / cotton blend fabrics.* Textile Research Journal. Vol. 86 (17).. SAGE. Pp – 1859 – 1868.
13. De, S. K. and Mitra, A. (May, 2013). *A Study of Some Mechanical Properties of Eri Fabric and Comparative Study with Wool Fabric*. Man - made Textiles in India. Vol. 41 – 5. Pp – 162 – 166.
14. Frank R. (2005). Bast and Other Plant Fibers. Woodhead Publishing. Cambridge. p.331

Researcher sharing his experiments through training of Local Artisans on the spinnability of Himalayan fibres

The Artisans' work in Progress

****

धर्मनिरपेक्षता – भारतीय संदर्भ

डॉ. हनुमान प्रसाद मीना *

प्रस्तावना – धर्मनिरपेक्षता का अभिप्राय है कि राज्य के द्वारा धार्मिक संस्थाओं का कोई समर्थन नही किया जायेगा, राज्य में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं, सार्वजनिक सेवाओं या नागरिक अधिकारों के लिये कोई धार्मिक परीक्षा नहीं, किसी भी धार्मिक कार्यक्रम के लिए कोई वैधानिक व्यवस्था नहीं ओर धार्मिक आस्थाओं के विषय में किये गये प्रश्नों पर कोई दण्ड नहीं। धर्म निरपेक्ष राज्य सभी व्यक्तियों को समाज के समान नागरिकों के रूप में देखें तथा जिसके अन्तर्गत राजनीतिक अधिकारों के इस्तेमाल के लिए किसी भी प्रकार के धार्मिक तथा सामाजिक स्तरीकरण को मान्यता प्रदान न की हो।

भारत दुनिया का सबसे अधिक बहु आयामी एवं जटिलताओं से परिपूर्ण देष है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख नेताओं ने धार्मिक विभिन्नताओं के बावजूद राजनीतिक स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए राजनीतिक राष्ट्रवाद को विकसित किया। विवेकशीलता, जागरूकता तथा सामाजिक–धार्मिक सुधार आंदोलनों के युग मे वे धर्म को व्यक्तिविशेष तक सीमित एंव राजनीति से अलग रखना चाहते थे। लेकिन जैसे–जैसे राष्ट्रीय आंदोलन में विदेशी प्रभुत्व के विरूद्ध सभी वर्गों की भागेदारी बढ़ती गयी वैसे ही विभिन्न वर्गों के नेता धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त का पालन दृढ़ता के साथ न कर सके क्योंकि उनको भय था कहीं धार्मिक विचारों वाले लोग एवं समूह समर्थन देना बंद न कर दें। इसी दौर में भारतीय समाज में धार्मिक, जातिय एवं क्षेत्रीय मतभेदों को शोषित करने की प्रक्रिया का प्रारम्भ भी हुआ इसी ने भारतीय राजनीति में साम्प्रदायिकता को भी जन्म दिया।

धर्मनिरपेक्षता के दो अर्थों को लेकर प्रारम्भ से ही मतभेद थे। इस के एक अर्थ के अनुसार धर्म को सार्वजनिक जीवन में शामिल नहीं किया जाना चाहिये। कोई भी व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में धर्म में निष्ठा रख सकता है, कोई भी अपने घर के अन्दर या पूजा स्थल पर अच्छा हिन्दू या अच्छा मुसलमान हो सकता है। लेकिन जब वह सार्वजनिक जीवन मे प्रवेश करे तब उससे यह आशा की जाती है कि उसने अपने धर्म को पीछे छोड़ दिया है। इस विचारधारा के अन्दर यह निहित है कि सार्वजनिक जीवन का प्रबंधन करना एक विज्ञान है और विज्ञान की वैज्ञानिक अवधारणा को यदि धर्म चुनौती देने लगे तब इसको आधुनिक राजनीति के लिये खतरा समझा जाना चाहिये।

धर्म निरपेक्षता का अभिप्राय है सभी धर्मो का समान रूप से सम्मान करना। धर्मनिरपेक्षता की यह अवधारणा सभी धर्मो के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण अपनाने पर बल देती है। जब कोई राज्य धर्म के प्रति सहनशील है तब इसका यह अर्थ नहीं होता कि वह समाज में धार्मिक बुराईयों के प्रति सहनशील है। धर्मनिरपेक्षता की इस अवधारणा के सबसे बड़े प्रणेता महात्मा गांधी थे। उन्होंने राज्य द्वारा लोगों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का जोरदार समर्थन किया और सभी धर्मो को सम्मान करने पर बल दिया। उनकी प्रार्थना सभायें उनके इस दृष्टिकोण द्योतक थी। उनके इस दृष्टिकोण के कारण यह अल्पसंख्यकों का विश्वास प्राप्त करने में सफल रहे। गांधी के इस दृष्टिकोण को धर्मनिरपेक्ष वामपंथियों ने संदेह से देखा तथा कई बार इसकी कड़ी आलोचना भी की। यद्यपि यह दृष्टिकोण अवगुणों से मुक्त न था लेकिन इस दृष्टिकोण का अपना सकारात्म पक्ष भी था। हमारी जनता की संस्कृति का आधार है कि हमें अपनी परम्पराओं को धारण करना चाहिये न कि यूरोप के नास्तिक धर्मनिरपेक्षता के नारे को। लेकिन इस दृष्टिकोण में भटकाव का भी पूरा खतरा विद्यमान है। फिर भी भारत के संविधान में इस प्रकार की धर्मनिरपेक्षता की व्यवस्था की गयी है।

धर्मनिरपेक्षता का उल्लेख धारा 25 से 30 तक में किया गया है। संविधान की इन धाराओं के साथ–साथ अन्य कुछ धाराओं में भी धर्म की स्वतंत्रता तथा अल्पसंख्यकों के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकारों को सुरक्षा प्रदान की गयी है।वध पाह धार्मिक समूहों सहित व्यक्तिगत तौर पर धार्मिक स्वतंत्रता की गारण्टी प्रदान करता है। साथ यह नागरिकों को समानता का अधिकार भी प्रदान करता है अर्थात धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा (धारा 15.1), सार्वजनिक नौकरियों में समान अवसर प्रदान करना (धारा 16.1.2), शैक्षिक संस्थाओं में कोई भेदभाव न करना (धारा 29.2), और कोई साम्प्रदायिक चुनाव मण्डल न बनाना (धारा 325),(तीसरे) इसके द्वारा धर्म एवं राज्य को अलग कर दिया गया है अर्थात धर्म को प्रोत्साहित करने के लिये कोई कर न लगाना (धारा 27) और सरकारी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षण संस्थाओं को न खोलना (धारा 28)। संविधान में वर्णित इन प्रयोजनो से स्पष्ट है कि संविधान की प्रवृत्ति न तो किसी धर्म का विरोध करने की है और न इसे तर्क संगत बताने की। इसमें धार्मिक मामलों में राजय की तटस्थता एवं निष्पक्षता बनाये रखने की प्रवृत्ति है।

धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र भारतीय संविधान की मौलिक विशेषताओं में से एक है मार्च 1994 में भारत के उच्चतम न्यायालय ने बोमाई केस में उच्चतम न्यायालय की नौ जजों की खण्डपीठ ने अपने निर्णय में इस अवधारणा की सुस्पष्ट व्याख्या की। अन्य तर्कों के अलावा उच्चतम न्यायालय ने निम्नलिखित बातें कहीं रू भारत में धर्मनिरपेक्षता का अभिप्राय यह नहीं है कि राज्य को धर्म के प्रति विरोध का दृष्टिकोण अपनाना चाहिये अपितु उसे विभिन्न धर्मो के विषय में तटस्थ रहना चाहिये। यदि राजनीतिक उद्देश्यों के लिये धर्म का इस्तेमाल किया जाता है और राजनीतिक दलों द्वारा अपने राजनीतिक स्वार्थो के लिये इसकी वकालत की जाती है तब राज्य की

* व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

तटस्थता का उलंघन होगा। इस आलेख से दो व्यापक निष्कर्ष निकलते है धर्म के आधार पर मतदाताओं का आह्वान करना धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र को आघात पहुंचाता है और दूसरा राजनीति तथा धर्म को नहीं मिलाया जा सकता। इस सिद्धान्त से संबंधित उच्चतम न्यायालय की खण्डपीठ ने धारा 356 के अन्तर्गत राष्ट्रपति की इस घोषणा को सही ठहराया कि हिमाचल, मध्यप्रदेश तथा राजस्थान की भाजपा सरकारों को सत्ता से इसलिये हटाया गया क्योंकि उत्तूर प्रदेश में भाजपा की सरकार अयोधया में बाबरी मस्जिद को गिराने में शामिल थी। 1995 के प्रारम्भ में बाबरी मस्जिद के मामले पर उच्चतम न्यायालय ने पुनरू अपने अवलोकन में कहा कि संवैधानिक व्यवस्था से स्पष्ट होता है कि धर्म के मामलों में सभी व्यक्तियों एवं समूहों को उनकी विभिन्न आस्थाओं के बावजूद समानता की गारण्टी प्रदान की गयी है क्योंकि स्वयं राज्य का कोई धर्म नहीं है। हमारे संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा समानता के अधिकार के एक पक्ष के रूप में स्वर्णिम अक्षरों में उल्लेखित है।

धर्मनिरपेक्षता को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के रूप में भी समझा गया है। यह पाया गया है कि भारत में अल्पसंख्यक गहरी धार्मिक प्रवृत्ति के होने के साथ धर्मनिरपेक्षता के प्रबल समर्थक भी हैं क्योंकि वे राज्य से निष्पक्षता एवं तटस्थता की आशा करते हैं । एक अन्य मतानुसार धर्मनिरपेक्षता का यह अर्थ पूर्णत: नकारात्मक है। संविधान निर्मात्री सभा में धर्म को लेकर बहुत वाद-विवाद हुआ। संविधान निर्माताओं का मानना कि 'सत्य धर्म' की रक्षा की जानी चाहिये। जिस समय वे सत्य धर्म की बात करते उनका अभिप्राय उस धर्म से था जो धर्म से संबंधित अंधविश्वासी निष्ठाओं एवं व्यवहार अलग था। लेकिन प्रत्येक धर्म के व्यवहार में अधयात्मिक प्रकार की निष्ठा, नैतिक प्रकार की नियमावली या मूल्यों की व्यवस्था, और निर्देशित अनुष्ठानों में विश्वास रहता है। लेकिन धर्मनिरपेक्षता का सिद्धान्त जब धर्म विरोधी बात नहीं करता या सभी धर्मों का समर्थन करता है, तब क्या एक दूसरे रूप में इन तीनों पक्षों में धर्म शामिल नहीं होता? या फिर यह प्रत्येक के कुछ पक्षों का समर्थन करेगा न कि सभी का इस प्रकार धर्मनिरपेक्षता की इस प्रकार की अवधारणा समस्याओं को और अधिक उत्पन्न करेगी। कुल मिलाकर कहने का अभिप्राय यह है कि भारत में राज्य धर्म के प्रति विरोधी दृष्टिकोण नहीं रखता। इस अवधारणा में यह अर्थ अन्तर्निहित है कि राज्य सभी विद्यमान धर्मों के साथ नये धर्मों को भी प्रगति करने की आज्ञा प्रदान करता है और राज्य उनकी गतिविधियों के दौरान स्वयं एक सक्रिय तटस्थता की भूमिका अदा करेगा। इस धर्मनिरपेक्षता की उदारवादी व्याख्या यह भी की जाती है कि राज्य भारत की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करेगा और धर्मों की एकता के आधार पर एक राष्ट्र का निर्माण किया जायेगा।

व्यवहार धर्मनिरपेक्षता स्वतंत्रता के बाद के प्रारम्भिक वर्षों की परिस्थितियों में भारतीय राजनीति में धर्मनिरपेक्षता के स्थानीय अर्थ को कोई भी तर्क संगत तरीके से प्रयोग कर सकता था। लेकिन शीघ्र ही धर्मनिरपेक्षता का प्रयोग अवसरवादी नारे के रूप में किया जाने लगा। न तो शासक दल ने और न ही विरोधी दलों ने इसका वास्तविक अर्थों में प्रयोग किया। राजनीतिज्ञ सभी धर्मों के प्रति एक समान सम्मान के नाम पर धार्मिक समूहों के प्रति तुष्टीकरण की नीति का अनुसरण करने लगे या फिर वे अपना वोट बैंक बनाने के लिये लोगों को धर्म के नाम पर संगठित करने लगे। दुर्भाग्यवश कानून ने भी ऐसे राजनीतिक दलों पर रोक नहीं लगायी जिनको धर्म आदि के आधार पर संगठित किया गया यद्यपि चुनावी कानून में धर्म के नाम पर अपील करना मना है। उच्चतम न्यायालय ने जो निर्णय दिया उसमें इस प्रसंग में कुछ कमजोरियां छोड़ते हुए व्यवस्था दी कि ऐसे राजनीतिक दल जिनकी पहचान विशिष्ट जाति, समुदाय, धर्म या भाषा के साथ की गयी है वे अपने विरोधियों के विरुद्ध घ्रणा उत्पन्न किये बगैर अपने उद्देश्य के लिये मत प्राप्त कर सकते हैं। तीन जजों की खण्डपाठ ने अपने निर्णय में कहा कि ऐसे कई राजनीतिक दल हैं जिनकी सदस्यता किसी समुदाय या धर्म तक सीमित है या फिर उनमें किसी विविष्ट समदाय का बाहल्य है। इस प्रकार के दला के प्रत्याशियों द्वारा मतों के लिये की गयी अपील पर अप्रत्यक्ष रूप में धर्म, जाति, समुदाय या भाषा का प्रभाव हो सकता है। यदि कानून इस प्रकार के दलों की पहचान कर भी लेता है तब भी इस प्रकार की स्थितियों से नहीं बचा जा सकता है। लेकिन इस संबंध में राजनीतिक दलों की बात ही क्या है। सरकार भी धार्मिक गतिविधियों एवं मामलों के साथ सक्रिय तौर पर जुड़ी रहती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से बहुत से सरकारी समारोहों के उद्घाटन के समय धार्मिक अनुष्ठान किये जाते हैं। प्रधान मंत्री, मंत्री एवं राज्यों के नेतागण मंदिरों-मस्जिदों में पूजा अर्चना आदि करने के लिये जाते रहे हैं। इस पर कोई आपत्ति नहीं कि जा सकती है कि कोई भी नेता अपनी निष्ठाओं के अनुरूप पूजा एवं धर्म में विश्वास रख सकता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित रहना चाहिये। लेकिन जब मीडिया के माध्यम से जनता के बीच इसका प्रचार किया जाता है तब यह धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने के अलावा कुछ और नहीं करता। उस समय भी यही स्थिति बनी रहती है जब नेतागण किसी दूसरे धर्म के धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हैं और उसका प्रचार उसी प्रकार से जनता के बीच किया जाता है।

इस तरह राज्य द्वारा सभी धर्मों को समान रूप से सम्मान दिया जाना और अधिक समस्याओं को जन्म देता है। चंचल सरकार के अनुसार 'धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हम सभी समुदायों के उत्सवों को मानते हैं और दुनिया के किसी भी देश की अपेक्षा विकासशील देश में अधिक छुट्टियों को प्रदान करते हैं।' यदि हम भयंकर खाद्यान्न की समस्या का सामना करने के लिए कोई आदेश जारी करते हैं तब हम चर्च, मंदिर, मस्जिद एवं गुरूद्वारों को भोग या प्रसाद लगाने के लिये छूट दे देते हैं। मुनीस रजा इस प्रवृत्ति को संक्षिप्त में व्यक्त करते हुए कहते हैं, 'पाकिस्तान एक इस्लामी धार्मिक राज्य है परन्तु भारत हिन्दू धार्मिक, मुस्लिम धार्मिक और ईसाई धार्मिक सभी प्रकार की धार्मिक प्रवृत्तियों का राज्य है। संविधान बनाने वालो ने परिकल्पना की थी कि इस अवधारणा से देश में एक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनेगा। किन्तु धार्मिक कार्यों में राज्य की भागेदारी ने समुदायों के बीच और अधिक वैमनस्य को उत्पन्न किया है। इन परिस्थितियों में एक सार्वभौमिक राज्य की स्थापना की प्रक्रिया में संकीर्णता, साम्प्रदायिकता, उग्रता जैसी कई अन्य प्रवृत्तियां तेजी के साथ उत्पन्न हुई है। जब यह माना जाने लगा कि सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये राज्य एक साधन हो सकता है तब विभिन्न प्रकार के लोगों ने अपनी भाषा एवं अपने धर्मों के आधार पर संगठित होने का प्रयास करना आरम्भ कर दिया। व्यापक बहुआयामी-सांस्कृतिक समूहों की अपेक्षा इस प्रकार के छोटे एवं विभिन्न सांस्कृतिक समूहों को संगठित करना सरल है। राज्य भी सांस्कतिक आधार पर संगठित बहुत से समूहों को मान्यता प्रदान करता है। पिछले कछ वर्षो से इस दिशा मे बड़े ही सोचे-समझे ढंग से कार्य किया जा रहा है। जैसे ही आम चनाव का समय आता है वैसे ही उससे पूर्व धार्मिक भावनाओं को खूब भड़काया जाता है इस भावना को इस प्रकार से उभारा जाता है कि चुनाव में विजय दिलाने में यह एक निर्णायक भूमिका अदा करती है। इस प्रकार की प्रवृत्तियों ने साम्प्रदायिकता को खूब मजबूती प्रदान की है । हिन्दु पुनत्थान जैसी प्रवृत्ति के विषय में एक दशक या इससे कुछ

अधिक वर्ष पर्व शायद ही कोई बात करता था। अब इस प्रवृत्ति को हिन्दू प्रतिक्षेप के नाम से जाना है और अक्सर यह कहा जाता है या कहने में यह अन्तर्निहित होता है कि अल्पसंग प्रकार की सुविधाओं का भोग कर रहे हैं और हिन्दुओं की अवहेलना की जा रही है पर उनके भी कोई अधिकार हैं। यह एक नया मुहावरा है जिसका स्वतंत्र भारत में पहली व्यापक स्तर पर इस्तेमाल किया जा रहा है।

लोकतंत्र एवं धर्म को अलग करने के लिये एक मजबूत संवैधानिक व्यवस्था की गयी थी, राजनीति के वास्तविक व्यवहार में अधिकतर राजनीतिक दलों ने भारत की वास्तविक संवैधानिक व्यवस्था को आत्मसात नहीं किया है। इसके लिये दो महत्वपूर्ण कारण है। प्रथम भारत के अधिकतर लोग व्यक्तिगत जीवन में गहरायी के साथ धार्मिक हैं। एक अति धार्मिक समाज में धर्मनिरपेक्ष राज्य को यह सिद्ध करना पड़ता है कि नागरिकों की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने की इसकी इच्छा नहीं है।

दूसरे, भारत केवल एक बहु आयामी धार्मिक देश ही नहीं है अपितु धार्मों के मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म पर गर्व भी करते हैं और वे तत्परता से अपनी धार्मिक पहचान बनाये रखना चाहते हैं। इस प्रकार इस तरह के सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ में धर्मनिरपेक्ष राज्य को अपनी कार्यशैली में सभी धर्मों से बराबर दूरी बनाकर रखनी होती है और उसी समय में उसे अन्तर-धार्मिक सामाजिक संबंधों में सौहार्दता भी बनाकर रखनी होती है। भारत के राजनीतिक एवं बौद्धिक वर्ग में धर्मनिरपेक्षता के व्यवहारिक पक्ष को लेकर काफी गहरे मतभेद हैं। असगर अली इंजीनियर इन मतभेदों को निम्नलिखित धाराओं मे वर्णित करते हैं प्रथमवे लोग जो धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी दृष्टिकोण एवं प्रसंग में परिभाषित करते हैं। यह राजनीति तथा राज्य के प्रति एक पूर्णत: गैर-धार्मिक दृष्टिकाण है। इस वर्ग में वामपंथियों, उदारवादियों तथा विवेकशील लोगों को शामिल किया जा सकता है। लेकिन हमारे देश में इस श्रेणी में जो लोग हैं उनकी संख्यां काफी कम है दूसरी लोग हैं जो धर्म निरपेक्षता की परिभाषा राज्य राजनीति एंव सामाजिक व्यवहार में सभी धन के प्रति समान सम्मान दृष्टिकोण के रूप में करते हैं। गांधीवादी और धर्म में कुछ विश्वास करने वालों को इस श्रेणी में रखा जा सकता है। अगर ईमानदारी के साथ कहा जा इस श्रेणी में आने वाले लोगों की संख्यां भी काफी कम है। तीसरी श्रेणी में वे लोग आते हैं जो धर्मनिरपेक्षता के विषय में बातें खूब करते है हमने इसकी परिभाषा अपने राजनीतिक उद्देश्यों के अनरूप करते हैं। सभा प्रकार राजनीतिज्ञों को इस श्रेणी में रखा जा सकता है। वास्तव में यही वे लोग हैं जो धर्मनिरपेक्षता के नाम पर साम्प्रदायिकता को प्रोत्साहित करते हैं तथा बौद्धिक भ्रांति उत्पन्न करते है। य उन लोगों से अधिक खतरनाक हैं जो उन्मुक्त रूप से साम्प्रदायिकता का प्रचार करते हैं यद्यपि कोई भी यह दावा नहीं करता कि वह साम्प्रदायिक है।

राजनीतिक दल जाति एंव साम्प्रदायिकता के आधार पर अवसरवादी गठबंधन करते रहते हैं। यदि वे यह देखते हैं कि गठबंधन करने से चुनाव में कुछ और स्थान प्राप्त कर सकते हैं तब वे राक्षस के साथ भी गठबंधन कर सकते हैं। केन्द्र सरकार सहित कई राज्य सरकारों से इस प्रकार के बहुत से दृष्टांत दिये जा सकते हैं। चुनावों के दौरान प्रत्याशियों की जीत को सुनिश्चित करने के लिये उनको योग्यता के आधार पर चुनाव में खड़ा नहीं किया जाता अपितु जाति एवं समुदाय उनका आधार होता है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता एक गम्भीर संकट का सामना कर रही है क्योंकि धर्मनिरपेक्षता पर नेहरू का जो दृष्टिकोण था वह नष्ट हो रहा है। हम देखते हैं कि सत्ता के सामाजिक निर्माण तथा सामुदायिक पहचान के लिये धर्म का लगातार इस्तेमाल बढ़ रहा है। सामूहिक आर्थिक हितों तथा राजनीतिक गतिशीलता को स्पष्ट रूप में व्यक्त करने के लिये यह पहचान एक आधार बन गयी है। अब अखिल भारतीय स्तर पर हम एक अभूतपूर्ण हिन्दू चेतना के संक्षेपण को देख रहे हैं जो जातीगत एवं क्षेत्रीय मतभेदों से परे है। इसको हिन्दू प्रतिक्षेप कहा जा रहा है। यह अन्य धार्मिक समूहों की राजनीतिक गतिशीलता के विरूद्ध हिन्दू प्रतिक्रिया भी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि धार्मिक समुदायों के अनेक आंदोलन आधुनिकता से संबंधित उस सांस्कृतिक संकट का परिणाम है जिसने उनकी समाजिक पहचान को नष्ट कर दिया है तथा सम्भवत: गुमनामी की एक व्यापक भावना को जन्म दिया है। इन परिस्थितियों में भारतीय धर्मनिरपेक्षता का पुनरू अवलोकन महत्वपूर्ण हो गया है।

भारत में धर्म निरपेक्षता के जिस स्वरूप को अपनाया तथा प्रेरित किया गया वह अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाया। इस दिशा में पहल तभी की जा सकती है जब कि इस विचार का परित्याग कर दिया जाये कि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ राज्य द्वारा सभी धर्मों का समान व से सम्मान करना है। अपितु धर्म को सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन से पर्णत बाहर निकालना होगा। इस का अभिप्राय यह कदाचित् भी नहीं है कि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ गैर-धार्मिक होना चाहिए। भारतीय प्रसंग में धर्मनिरपेक्षता के गैर-धार्मिक अर्थ के विरूद्ध व्यवहारिक एवं सैद्धान्तिक दोनों स्तरों पर प्रश्न उठाये जायेंगे। हमारी जनता का अधिकतम भाग न तो नास्तिक है और न ही दिखावटी। वे किसी न किसी प्रकार के परम्परागत धर्मों में विश्वास करते है, इस स्थिति में यदि राज्य एक सर्वाधिकारवादी राज्य बनने के लिये प्रतिबद्ध और धर्म के प्रति संकचित एवं नकारात्मक दष्टिकोण रखेगा है, तब वह धर्म विरोधी राज्य होगा। लकिन यदि वह लोकतांत्रिक राज्य है तब उसको ऐसा होने की आवश्यकता नहीं है। वास्तव में सकारात्मक रूप में धर्मनिरपेक्षता का अभिप्राय है '..किसी भी प्रकार की निष्ठा रखने तथा उसका प्रचार करने के लिये नागरिकों के अधिकार स्वतंत्र हैं। धर्म के लिये किसी भी व्यक्ति को दण्डित नहीं किया जा सकता।'

इस संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता राज्य की भूमिका से जुड़े दो मौलिक आधारों पर आधारित है। प्रथम सर्वाधिकारवादी राज्य की अवधारणा का परित्याग करना है क्योंकि मानव की रुचि एवं प्रयासों के ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां पर राज्य की कोई भूमिका नहीं हो सकती है। दूसरा आधार राज्य की धर्मनिरपेक्ष अवधारणा पर आधारित है क्योंकि इस प्रकार की राजनीति विचारों के भय में जीवित नहीं रह सकती।

इसलिये यहां पर तर्क धर्म का विरोध या उसकी अवहेलना करने का नहीं है। एक लोकतंत्रवादी या एक धर्मनिरपेक्षतावादी राज्य को धर्म निश्चय ही खारिज नहीं करना चाहिए और न वह ऐसा कर सकता है। इसी के साथ-साथ क्योंकि धर्म सामाजिक स्तर पर एक वास्तविक रूप में विद्यमान एवं सत्ता है, इसलिये राज्य को इससे दूर रहना चाहिये जिससे राज्य अपने नागरिकों के अधिकारों एवं उत्तरदायीत्वों को धर्म से अलग बनाकर रख सके।

आज भारत में आवश्यकता इस बात की है कि राज्य को धर्मनिरपेक्षता एवं धर्मनिरपेक्षीकरण की नीति का अनुसरण करना चाहिये। एक धर्मनिरपेक्ष समाज की सहनशीलता, सामाजिक न्याय, आर्थिक जनकल्याण एवं कानून के समक्ष समानता महत्वपूर्ण मूल्य होते हैं। धर्म विज्ञान का विरोधत्मक नहीं है। किन्तु वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने एवं झूठे सन्तों, ज्योतिषियों एवं संकीर्णतावादी अनुष्ठानों के व्यवहार के बीच विरोधाभास अवश्य है। नेहरू जी ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को आध्यात्मिकता से जोड़ने का प्रयास किया कहने को यह एक अपूर्ण दृष्टिकोण हो सकता है किन्तु वैज्ञानिक वास्तविकता को ठीक से समझने के लिये यह एक पर्याप्त साधान भी हो सकता है।

भारत की एकता अनेकताओं की सम्पन्नता पर आधारित है। इसको स्वीकार करने के लिये एक उचित एंव परिष्कृत जानकारी का होना आवश्यक है। भारत को यह स्पष्ट करना है कि वह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें सभी नागरिकों के लिए स्थान है तथा उनकी प्रगति की सभी प्रकार की उनकी अभिलाषाओं को सुविधाएं देने के लिये प्रयत्नशील है। प्राथमिक शिक्षा को सर्वव्यापी करना, परम्परागत समुदायों तथा व्यवसायों का आधुनिकीकरण करना, कुशल कामगारों के लिए नये रोजगार उत्पन्न करना, शहरों में रहने वालों की स्थितियों में व्यापक सुधार करना तथा सामुदायिक आवासीय क्षेत्रों का निर्माण करना ऐसे कार्य हैं जिनकी सहायता से साम्प्रदायिक तनाव को समाप्त किया जा सकता है। ये कार्य उसी प्रकार के है जैसे कि कानून व्यवस्था को बनाये रखना। इसमें राष्ट्रीय एकता परिषद तथा अल्पसंख्यक आयोग के प्रयास महत्वपूर्ण हो सकते हैं। आज भारत की एकता अखण्डता तथा शान्ति बनाए रखन के लिए सैद्धान्तिक धर्मनिरपेक्षता को व्यवहार में लागु करना अनिवार्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जैन एवं फड़िया, भारतीय राज व्यवस्था, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, पृ. 304
2. एम लक्ष्मीकांत, भारत की राजव्यवस्था, मेकग्रा हिल, पृ. 7.16 2016
3. एस एम सईद, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, भारत बुक सेन्टर, लखनऊ, 2007 पृ0 49
4. सुभाष काश्यप, हमारा संविधान, 2010, पृ. 116
5. सुभाष काश्यप, हमारा संविधान, 2010, पृ0 117
6. एस.एम. सईद, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, भारत बुक सेन्टर, लखनऊ, 2007 पृ0 49
7. जैन एवं फड़िया, भारतीय राज व्यवस्था, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, पृ. 305
8. डी.डी. बसू, भारत का संविधान एक परिचय, लेक्सिस नेक्सिस, 2019, पृ0 481
9. एनसीईआरटी कक्षा 11, राजनीतिक सिद्धान्त, पृ. 115
10. ए. एस. नारंग, भारतीय शासन एवं राजनीति, गीतांजलि पब्लिशिंग हाउस, 2008 पृ. 36010 चहार, एस.एस. गवर्नेन्स ऐट ग्रास रूट लेवल इन इण्डिया, कनिष्का पब्लिशर्स नई दिल्ली - 2005
11. प्रो. वर्मा गोविन्दराम भारतीय राजनीति और शासन मेकमिलन कम्पनी ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली - 1982
12. कौशिक, सुशीला (सं.) भारतीय शासन एवं राजनीति हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली

****